रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-142 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### 46 लाख के इनामी दो महिला सहित 11 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों को उस समय गहरा झटका लगा जब 46 लाख रुपये की इनामी में दो महिला समेत नौ हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर आठ-आठ और चार नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों पर कुल 46 लाख का इनाम घोषित था। इन नक्सलियों के विरूद्ध जिले के अलग-अलग थानों कई मामले दर्ज हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### भाजपा रमेश बिधूड़ी को बना रही मुख्यमंत्री का चेहरा : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया



है कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए रमेश बिधूड़ी के नाम पर मोहर लगा रही है। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिधूड़ी के नाम का औपचारिक रूप से एलान हो जायेगा तब एक दिन सार्वजनिक डिबेट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के तरफ़ से जो भी उम्मीदवार बने उसे सार्वजिक डिबेट करना चाहिए।

# अविनाश ग्रुप के निर्माणाधीन बिल्डिंग में बड़ा हादसा

# 2 मजूदरों की मौत, 8 गंभीर घायल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





वीआईपी रोड स्थित निर्माणाधीन इमारत में मजदूरों के ऊपर चढ़ने के लिए बनाई गई सेंट्रींग भरभराकर गिर गई है। इस हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है, वहीं 8 मजदूर घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, वीआईपी रोड पर अविनाश ग्रुप के प्रोजेक्ट में काम चल रहा था। इसी दौरान मजदूरों के ऊपर चढ़ने के लिए बांधी गई सेंट्रींग भरभरा कर गिर गई। हादसे के बाद 10 मजूदरों को बाहर निकाला गया। इन 10 मजदूरों में 3 की हालत गंभीर है। घटनास्थल पर पुलिस बल पहुंची। मलबा हटाने का काम जारी है। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 2 मजदूरों ने दम तोड़ दिया। एएसपी लखन पटले ने बताया कि, दो मजदूरों की मौत इलाज के दौरान हुई है। जिसमें से एक मजदूर रहमत खान की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। दूसरा मृतक मजदूर रामदास जो बलरामपुर का रहने वाला है। रायपुर के अधिकारियों ने बताया कि मलबा हटाए जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि, कुछ और मजदूर अंदर दबे हैं या नहीं। फिलहाल इसके पीछे का क्या कारण है इसकी भी जांच की जा रही है, जल्द ही इस पर जो जिम्मेदार होगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी।



इस मामले पर रायपुर कलेक्टर और नगर पालिक निगम रायपुर के प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पायनियर से कहा कि घटना काफी दुखद है। जिला प्रशासन और निगम की टीम मौके पर पहुंचकर यथासंभव राहत प्रदान करने की कोशिश में जुटे हुए है। मलवा हटाने के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आएगी। गौरव कुमार ने बताया की अभी तक 2 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही 8 लोग अस्पताल में भर्ती है। जिसमें से एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना छत्तीसगढ़ में हो रही है साकार : सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत जिस उद्देश्य के साथ की थी, वह छत्तीसगढ़ में अब साकार हो रहा है। स्वच्छता को लेकर जनमानस में व्यापक चेतना आई है और करोड़ों परिवारों में शौचालयों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और इच्छा शक्ति से यह संभव हो पाया है।हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र का संकल्प छत्तीसगढ़वासियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारा प्रदेश हर दिन नये पड़ावों को पार करता हुआ छत्तीसगढ़ को ओडीएफ प्लस मॉडल राज्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं है स्वच्छता की जीवन शैली है, जिससे हमारा विकास होगा, देश का विकास होगा। अब तक हमारे प्रदेश के 5 जिले, 58 विकासखंड और 16 हजार से अधिक गांव ओडीएफ प्लस मॉडल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्वच्छता को बढ़ाने के उद्देश्य से आज अपने निवास परिसर से 10 डी-स्लज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत किए गए पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के 10 विभिन्न जिलों के ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों को डी-स्लज वाहनों की चाबी और दस्तावेज सौंपे।

## आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर थाना क्षेत्र के महादेव घाट कैंप में तैनात सीआरपीएफ जवान राकेश कुल्लों शनिवार सुबह नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राकेश झारखंड के गुमला जिले के रानाडीह थाना क्षेत्र के कब्जा गांव के रहने वाले हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के अनुसार, शनिवार सुबह सीआरपीएफ 196 वाहिनी की एक टीम महादेव घाट से जंगल की ओर एरिया डोमिनेशन के लिए निकली थी। इस दौरान जवान का पैर नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर आईईडी पर पड़ गया, जिससे तेज धमाका हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट में जवान के पैर और आंख में गंभीर चोटें आई हैं। घायल जवान को पहले जिला अस्पताल बीजापुर में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया। जवान के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की



प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## टामन सोनवानी का भतीजा और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी मामले में साय सरकार की लगातार कार्रवाई जारी है। इस मामले में अब सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत कई पदों के लिए साल 2020 से 2022 के दौरान परीक्षा/साक्षात्कार में टामन सोनवानी के रिश्तेदार समेत कुछ वीआईपी लोगों के करीबी रिश्तेदारों के चयन पर सवाल उठे थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। इस केस की जांच जारी है। इस मामले में सीबीआई सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस कडी में अभी और आरोपियों के गिरफ्तार होने की संभावना है।







# रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए रायपुर नगर निगम के कार्य को भारत सरकार ने सराहा

## क्रेडाई के सहयोग से रायपुर शहर में केवल दो माह के भीतर 900 से अधिक रेन वाटर पिट हुए तैयार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम रायपुर ने बारिश के मौसम में व्यर्थ बह जाने वाले जल को संचित करने व इससे भू-जल स्तर को बढ़ावा देने के लिए विगत वर्षा ऋतु में केवल दो माह के भीतर बड़ी कॉलोनियों में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर 900 से अधिक रेन वाटर पिट तैयार कराए हैं। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन और निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्थानीय क्रेडाई पदाधिकारियों व बिल्डर्स के सहयोग से निष्पादित इस रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य को भारत सरकार ने जन सहभागिता से किए गए सर्वोत्कृष्ट कार्य मानते हुए न केवल रायपुर नगर निगम की सराहना की है बल्कि देशभर के नगरीय निकायों के लिए इसे प्रेरक भी बताया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े हाइड्रोलॉजिस्ट के साथ नगर निगम के अभियंताओं को मार्च माह में आयोजित होने वाले बिल्डर्स के नेशनल कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया जा रहा है, जिसमें जन भागीदारी से अत्यधिक कम समय में जल संचय व संरक्षण के लिए रायपुर नगर निगम अपने निष्पादित कार्य की संपूर्ण रूपरेखा व रोड मैप का प्रजेंटेशन राष्ट्रीय स्तर पर देगा। वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जो पहल की है, उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान व सराहना मिली है। निगम आयुक्त मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम से संबद्ध हाइड्रोलॉजिस्ट डॉ. के. पाणिग्रही के तकनीकी मार्गदर्शन में ठोस रणनीति तैयार की गई। इसके तहत कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) और नगर निगम के जोन कमिश्नरों व अभियंताओं की निरंतर बैठक लेकर आयुक्त मिश्रा ने जल संरक्षण की दिशा में सभी को भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इन बैठकों में उन कॉलोनियों को चिन्हित किया गया, जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। नगर निगम के मार्गदर्शन में इन कॉलोनियों में बारिश से पहले रेन वाटर पिट तैयार करने पर जोर दिया गया। रायपुर नगर निगम के तकनीकी मार्गदर्शन व क्रेडाई की सक्रिय सहभागिता से केवल दो माह में ही 900 से भी ज्यादा रेन वाटर पिट तैयार कर लिए गए, जो कि किसी भी नगरीय निकाय द्वारा जल संचय की दिशा में उठाया गया सबसे बड़ा कदम माना गया। जल शक्ति विभाग भारत सरकार ने देश के नगरीय निकायों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रायपुर नगर निगम द्वारा जन सहभागिता से मितव्ययी व आधुनिक तकनीक का उपयोग कर कम समय में 900 से भी अधिक रेन वाटर पिट तैयार करने पर रायपुर की सराहना की। बैठक में अन्य निकायों को भी रायपुर नगर निगम की तर्ज पर वर्षा जल संचय के लिए योजनाबद्ध कार्य करने कहा गया है। आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाले नेशनल बिल्डर्स मीट में रायपुर नगर निगम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में कम खर्च पर तकनीक के उपयोग व जन सहभागिता से जल संरक्षण की दिशा में नगर निगम द्वारा उठाए गए कदमों से देश भर के बिल्डर्स व आर्किटेक्ट अवगत होंगे। आयुक्त श्री मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए क्रेडाई पदाधिकारियों व बिल्डर्स के सहयोग की सराहना करते हुए नगर निगम टीम को शाबासी दी है।

# पर्यावरण मित्र आदित्य राजे सिंह प्राइड आफसेंट्रल इंडिया अवार्ड से नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के हाथों सम्मानित

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डी 11 वर्षीय पर्यावरण मित्र एवं बाल योग गुरु डॉ. आदित्य राजे सिंह प्राइड आफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड से सम्मानित किए गए। नई दिल्ली के होटल हयात रीजेंसी मे यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आदित्य राजे सिंह को यह सम्मान भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया। अवार्ड समारोह में सेंट्रल इंडिया के जाने माने हस्तियों के बीच यह अवार्ड समारोह संपन्न हुआ। आदित्य राजे प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति रहे। यह राष्ट्रीय सम्मान उन्हें पर्यावरण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा महज 5 वर्ष की आयु से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रदान की गई। आदित्य राजे इतनी छोटी उम्र से देश के अन्य राज्यों में भी अपनी पर्यावरण जागरण भारत यात्रा की शुरुआत कर चुके हैं। आदित्य राजे सिंह ने 10 वर्ष की उम्र में पीएचडी की मानक उपाधि हासिल कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। पर्यावरण जन जागरूकता अभियान के साथ ही वह सरकारी स्कूलों, धार्मिक स्थानों, सामाजिक संस्थाओं में योगा भी सिखाते हैं। वह आने वाली पीढ़ी के लिए एक आइकॉन हैं। आदित्य राजे के दादा के.पी सिंह, पिता अखिलेश सिंह मां नम्रता सिंह तथा बड़ी बहन आस्था एवं उनके स्कूल के शिक्षकों ने उनकी इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि यह हमारे पूरे परिवार, समाज, मित्रों, स्कूल एवं छत्तीसगढ़ के लिए लिए बहुत ही गौरवान्वित पल है।

# हेमन्त सोरेन ने राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी

एजेंसी ➤ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके 81वें जन्मदिवस के अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने पिता से आशीर्वाद लेते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य कामना की। इस अवसर पर मंत्री इरफ़ान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, विधायक बसंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन सहित मुख्यमंत्री के अन्य परिजन तथा कई गणमान्य लोगों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी शिबू सोरेन से मिलकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पर्यटकों के लिए 13 से 25 जनवरी तक बंद रहेगी सहेलियों की बाड़ी

**उदयपुर।** राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अलग-अलग स्थलों पर प्रस्तावित कार्य मों को देखते हुएशहर का प्रमुख पर्यटक स्थल सहेलियों की बाड़ी 13 से 25 जनवरी तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल की उपस्थिति में उदयपुर में प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर सहेलियों की बाड़ी में सिविल मेन्टीनेंस, विद्युत कार्य तथा उद्यानिकी संबंधी कार्य किए जाने हैं। इसलिए 13 से 25 जनवरी 2025 तक सहेलियों की बाड़ी में आमजन एवं पर्यटकों का प्रवेश बंद रहेगा।

# प्रदेश के अन्य जनपदों के मुताबिक देवरिया जिले में कम होती है पतंगबाजी

**देवरिया।** मकरसंक्राति के पूर्व से ही जहां एक ओर प्रदेश के अन्य जिलों में युवाओं और बच्चों के बीच पतंगबाजी का जबरदस्त क्रेज देखा जाता है वहीं दूसरी ओर इसके विपरित देवरिया जिले में पतंगबाजी अन्य जिलों के मुताबिक कम के होती है। एक तरफ पतंगबाज जहाँ चाइनीज मांझे का प्रयोग कर जनमानस को खतरे में डालते है और इस मांझे के कारण प्रदेश के कई जिलों में लोग इसके चपेट में आने से अपनी जान को भी गवा दिये हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला शनिवार को शाहजहांपुर जिले में देखने को मिला है जहां प्रतिबन्धित चाइनीज मांझे के चपेट में आने एक सिपाही की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इसी तरह कुछ दिन पूर्व वाराणसी और जौनपुर में भी चाइनीज मांझे से एक युवक की मौत हो गई थी और दूसरा गम्भीर रूप घायल हो गया था। प्रदेश के अन्य जनपदों के मुताबिक देवरिया जिले में पतंगबाजी का शौक काफी कम है। यहां यहां कदा ही आसमान उड़ती पतंग दिखेगी। देवरिया जिले में कम पतंगबाजी के कारण यहाँ यहाँ चाइनीज मांझा बाजार में नहीं दिखता है। जिससे यहाँ इस प्रतिबन्धित मांझे से अभीतक कोई दुर्घटना देखने को नहीं मिली है। जहाँ एक तरफ प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इसके बाद भी इसकी बिक्री हो प्रदेश के जिलों में बदस्तूर जारी है और इस प्रतिबन्धित मांझे से लोग शिकार हो रहे है और यह मांझा आसमान में विचरण करने वाले पक्षियों के भी जीवन के लिए खतरा बना हुआ है। प्रदेश में चाइनीज मांझे को बिक्री से प्रतिबंध के बावजूद भी मांझे की बिक्री लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# महाकुंभ में नाबालिग लड़की को संन्यासी बनाने वाला महंत अखाड़े से निष्कासित

एजेंसी ➤ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

महाकुंभ में नाबालिग लड़की को संन्यास की दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरी को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा ने सात साल के लिए अखाड़े से बाहर कर दिया है। अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरी ने बताया कि अखाड़े की परंपरा नहीं रही है कि किसी नाबालिग को संन्यासी बना दें। इस मुद्दे पर बैठक कर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। उन्होंने नाबालिग को गलत तरीके से शिष्य बनाया था। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ में दान की परंपरा अति प्राचीन है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए एक दंपति ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए शैव संप्रदाय क्रपंचदशनाम जूना अखाड़ा को दान कर एक नया इतिहास रचा था लेकिन लड़की का संन्यास वापस कर महंत को सात साल के लिए अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंहत कौशल गिरी अब मेला क्षेत्र में जूना अखाड़े के शिविर में भी नही रह सकते हैं। उन्हें अपनी व्यवस्था कहीं अन्य करना होगा। गौरतलब है कि आगरा के फ्तेहाबाद में ढ़ौकी निवासी पुत्री के साथ महाकुंभ में पहुंचे दंपति संदीप सिंह पेठा व्यापारी हैं। पत्नी रीमा गृहस्थ हैं। इनकी दो बेटियां राखी और निक्की है। गुरू कौशल गिरी की सेवा में परिवार पिछले चार साल से है। वहीं उन्होंने मुहल्ले में श्रीमदभागवत कथा कराई और भंडारा भी कराया था। उसी समय से मन में भक्ति की भावना जागृत हुई थी। यह परिवार 26 दिसंबर को महाकुंभ मे में पहुंचा है। पिता संदीप राठौर ने बताया कि बडी बेटी राखी के मन में अध्यात्म की लौ जगी और उसने साध्वी बनने की अपनी मंशा व्यक्त किया।

# सुक्खू ने जेसीसीबीएल के कैलेंडर का किया विमोचन



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड(जेसीसीबीएल) के कैलेंडर- 2025 का विमोचन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ धनीराम शांडिल, बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## दो ट्रकों की भिडन्त में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**जयपुर।** राजस्थान में सीकर जिले में फतेहपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रकों की भिडन्त में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि फतेहपुर में बालाजी मंदिर के समीप निर्माणाधीन पुलिया पर दोनों ट्रक की आमने-सामने भिडन्त हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन चालकों सहित तीन व्यक्तियों को गंभीर हालात में सीकर के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक ट्रक का खलासाी गणपतराम निवासी बाडमेर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामाले की जांच कर रही है।

## स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को आत्मसात कर विकसित भारत के लिये योगदान दें युवा: बागडे

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। बागडे ने अपने संदेश में स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाते हुये युवाओं से ..विकसित भारत 2047.. की संकल्पना साकार करने में भागीदार बनने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों का संवाहक है। उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा ले, युवा देश के नवनिर्माण में सहभागी बनें।

## महिला ने रेलगाड़ी के आगे आकर की आत्महत्या




**जयपुर।** राजस्थान में कोटा जिले के सिमलिया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने रेलगाड़ी के आगे आकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला ज्योति (28) कल्याणपुरा की रहने वाली थी। ज्योति के परिजनों ने बताया कि गत रात्रि डेढ़ बजे उसके ससुर उठे तो घर का दरवाजा खुला मिला तथा ज्योति कमरे में नहीं थी। उसके बाद उसकी तलाश की तो उसका शव कल्याणपुरा अंडर पास के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसजेवीएन ने वर्ष 2025-26 के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन मिला

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com

एसजेवीएन को एक बार पुनः ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है। एसजेवीएन को यह प्रमाणन वर्ष 2025-26 के लिए प्रदान किया गया है। संगठन को इससे पूर्व एक वर्ष के लिए दिनांक 12 जनवरी 2024 को प्रमाणन प्रदान किया गया था। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कर्मचारियों को बधाई देते हुए अजय कुमार शर्मा, निदेशक ने कहा कि यह प्रमाणन कर्मचारी कल्याण एवं सहयोगात्मक कार्य वातावरण के प्रति हमारी सुदृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह विश्वास, उत्कृष्टता तथा विकासात्मक संस्कृति निर्माण के लिए टीम एसजेवीएन के सामूहिक प्रयासों को भी उजागर करता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन कर्मचारियों के फीडबैक तथा कार्यस्थल प्रथाओं के व्यापक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया गया है। ट्रस्ट इंडेक्स सर्वेक्षण में एसजेवीएन के 96 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिन्होंने संगठन को विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गौरव और सौहार्द जैसे प्रमुख मापदंडों पर उच्च रेटिंग प्रदान की। सर्वेक्षण ने एसजेवीएन को कर्मचारियों के अनुभवों का व्यापक रूप से विश्लेषण करने और समझने का अवसर प्रदान किया। सर्वेक्षण ने एसजेवीएन प्रबंधन को कर्मचारी संतुष्टि को और अधिक बढ़ाने के लिए रणनीतिक एवं योग्य निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान की। ग्रेट प्लेस टू वर्क विश्वभर के संगठनों को ऐसा वातावरण निर्मित करने में सहयोग करने हेतु एक वैश्विक संगठन है जो कर्मचारियों की क्षमता को उजागर करते हुए उनकी प्रतिभा को मान्यीकृत करता है।

# हिमाचल: 2015 चौपाल हत्याकांड में 33 लोगों को मिली जमानत

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com




हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने वर्ष 2015 में शिमला जिले के चौपाल गांव में भीड़ हिंसा और एक व्यक्ति की हत्या से जुड़े मामले में 33 लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया है। न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की एकल बेंच ने प्रत्येक आरोपी को 50 हजार का 'बेल बॉन्ड' भरने का आदेश दिया है। अदालत ने उनकी रिहाई के लिए शर्तें भी रखी हैं और चेतावनी दी है कि इन शर्तों का पालन न करने पर उनकी जमानत रद्द कर दी जाएगी। इससे पहले, 22 दिसंबर 2024 को शिमला की अतिरिक्त जिला अदालत ने न्यायाधीश प्रवीण गर्ग ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए, अलग-अलग सजा सुनाई थी। आरोपियों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 452 के तहत सात साल, धारा 325 के तहत पांच साल और धारा 148 तथा 440 के तहत तीन साल की सजा सुनाई गई। अदालत ने आरोपियों को घटना के दौरान घायल हुई, शिकायतकर्ता वीरेंद्र देवी को मुआवजे के तौर पर 10 हजार देने का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि यह मामला 11 मार्च 2015 का है, जब चौपाल के तूइल गांव में एक शादी समारोह चल रहा था। पुलिस के मुताबिक नरवीर नाम के एक ग्रामीण के घर में कुछ लोग घुस आए। खुद को और अपनी पत्नी को बचाने के लिए नरवीर ने बंदूक निकाल ली। हाथापाई के दौरान, बंदूक चल गई और बंटू नाम के एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। घटना से गुस्साई भीड़ ने नरवीर को घसीटकर पास के एक खेत में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। शुरुआत में, इस मामले में, 34 लोगों पर आरोप लगाए गए थे, लेकिन मुकदमे के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई। शेष 33 को दोषी ठहराया गया। उच्च न्यायालय की ओर से जमानत दिए जाने के बाद, अब उन्हें इस शर्त पर रिहा किया गया है कि वे न्यायालय की शर्तों का पालन करेंगे।

# राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा जन सुनवाई 13 जनवरी को

**उदयपुर।** देश की प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 13 जनवरी को उदयपुर में जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुये, आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार कार्यक्रम की कड़ी में उदयपुर जिला परिषद कार्यालय में दोपहर बाद 12.30 बजे महिला जनसुनवाई होगी। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित रहकर महिलाओं की परिवेदनायें सुनेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। जनसुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई में उदयपुर सहित आसपास के सभी गांव-शहरों की महिलायें भाग लेकर अपनी परिवेदनायें प्रस्तुत कर सकती हैं।

# बालको ने विविधता एवं समावेशी थीम पर बनाया नए साल का कैलेंडर

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वर्ष 2025 के लिए एक समावेशी एवं विविधता थीम आधारित कैलेंडर लॉन्च किया। बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बालको कैलेंडर पूरी तरह से पुनर्नवीनीकरण कागज और डीकोम्पोज़ेबल फेब्रिक से बना है जिसमें शून्य प्लास्टिक है। पुनर्चक्रित कागज में बीज जड़े हुए हैं जिसे मिट्टी में रोपकर पानी देने से गेंदा सहित कई फूल विकसित होंगे।

कैलेंडर के लिए आयोजित पेंटिंग और स्केच प्रतियोगिता में बालको कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया। इसे सभी के रचनात्मक योगदान से तैयार किया गया। चयनित 12 कलाकृतियों को कैलेंडर के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रदर्शित कर उनकी संक्षिप्त व्याख्या की गई है। कैलेंडर सम्मान समारोह में इन सभी लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रतिभागियों एवं उनके परिवार के लोगों सहित लगभग 200 व्यक्ति शामिल हुए। कैलेंडर बालको की दृश्य अभिव्यक्ति है जो कंपनी द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में सतत-उन्मुख कार्यों और व्यवहार और संचालन को विकसित करने के प्रयासों को दर्शाती है।

अपने समावेशी लक्ष्यों की दिशा में काम करते हुए बालको कैलेंडर 'विविधता और समावेशी' थीम पर केंद्रित है जो जनसांख्यिकी, कार्यस्थल, जैव और सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता के सभी पहलुओं को समझने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। हर महीने में, आपको एक ऐसी विविधता का सार मिलेगा जो एकता, विकास और अपनेपन का प्रतीक है। यह कैलेंडर एक कलात्मक अभिव्यक्ति से अधिक, विविधता में एकता का प्रमाण है। कैलेंडर विभिन्न संस्कृति और साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। कंपनी कार्यस्थल और साथ ही अपने आस-पास के समुदाय में समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। व्यक्तियों की अद्वितीय क्षमताओं का जश्न मनाकर, सार्थक बदलाव लाने तथा उन्हें सशक्त बनाने में कंपनी विश्वास रखती है। समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम अवसरों को तलाशने तथा सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने के लिए कटिबद्ध है।

कंपनी वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के समाज को वापस लौटाने के दृष्टि के अनुरूप कार्य कर रही है। संयंत्र में समावेशिता को आगे ले जाने के दृढ़ संकल्प के साथ बालको ने अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। विविधता एवं समावेशिता बढ़ावा देते हुए कंपनी 18 ट्रांसजेंडर और पांच दिव्यांगों को अपने संयंत्र में नियोजित किया है। कंपनी ने समानता को बढ़ावा देने और लिंग के आधार पर असुविधा या पूर्वाग्रह की आशंका खत्म करने के लिए 'जेंडर-न्यूट्रल' का बुनियादी ढांचा विकसित किया है। नई नीति औद्योगिक नेतृत्व की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। कंपनी ने समावेशी नियोजन के दृष्टिकोण के अनुरूप योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की है जो सक्रिय रूप से विविध पृष्ठभूमि, अनुभव के आधार पर प्रतिभा की तलाश कर विविधता और समावेशन की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करता है।

# पश्चिमी कमान अलंकरण समारोह में राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिये वीर सैनिकों को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पश्चिमी कमान ने मानेकशॉ सेंटर और करिअप्पा परेड ग्राउंड दिल्ली कैंट में दो दिनों तक आयोजित एक अलंकरण समारोह में अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पुरस्कार विजेताओं को उनकी असाधारण बहादुरी, कर्तव्य के प्रति सराहनीय समर्पण और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। पश्चिमी कमान के सेना कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने 10 जनवरी, 2024 को मानेकशॉ ऑडिटोरियम में आयोजित एक शानदार समारोह में 53 प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने गोल्डन एरो डिवीजन को व्यावसायिक गतिविधियों, खेल और साहसिक कार्यों में असाधारण प्रदर्शन के लिये प्रतिष्ठित पश्चिमी कमान बैनर भी प्रदान किया। सेना कमांडर ने बाद में पुरस्कार विजेताओं और परिवारों से बातचीत की। जनरल ऑफिसर ने सभी रैंकों को पेशेवर उत्कृष्टता के लिये अपने प्रयास जारी रखने और राष्ट्र की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। अलंकरण समारोह का दूसरा चरण 11 जनवरी को करिअप्पा परेड ग्राउंड, नयी दिल्ली में आयोजित किया गया। पुरस्कार समारोह से पहले 06 मार्चिंग टुकड़ियों, 08 मैकेनाइज्ड टुकड़ियों और 61 कैवलरी- जो दुनिया की एकमात्र घुड़सवार रेजिमेंट है, की एक प्रभावशाली परेड हुई। इस अवसर पर, सेना कमांडर ने बहादुरी के कार्यों के लिए 14 पुरस्कार विजेताओं को वीरता पदक प्रदान किए और साथ ही पश्चिमी कमान के सेना अधिकारियों और इकाइयों को 27 यूनिट प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। परेड में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों और उपकरणों के प्रदर्शन के साथ आत्मनिर्भर भारत पहल को भी प्रदर्शित किया गया।

# शासकीय अरविंद महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com






किरंदुल स्थित शासकीय अरविंद महाविद्यालय में शनिवार वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2024-25 का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही एवं विशिष्ठ अतिथि एएमएनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु, महिला प्रेरणा समिति के अध्यक्ष, मंजू साही,मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, उप महाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आर के हिरकने के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की चित्रछाया में माल्यार्पण द्वीप प्रजव्वलन के साथ किया गया।तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ के द्वारा बस्तर के आदिवासीयों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का नृत्य के साथ ही साथ विभिन्न राज्यों के जिसमे छत्तीसगढ़ी, मराठी, बंगाली,पंजाबी, ओडीसी, नारी शक्ति, नुक्कड़ नाटक, दक्षिण भारतीय नृत्य संगीत के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों एवं महाविद्यालय के छात्रों को बस्तर विश्वविद्यालय से अलग अलग संकाय में स्वर्ण पदक के लिए चयन के विषय के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बेहतरी के लिए प्रमुख माँगों को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए छात्र- छात्राओ के लिए छात्रावास निर्माण के लिए आश्वाशन दिया साथ ही महाविद्यालय के कार्यक्रमों के लिए मंच निर्माण करने का आश्वाशन दिया।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सभी मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा, विभिन्न खेलकूद, एवं सांस्कृतिक के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उन्हें ट्राफियां व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी बिंदु ठाकुर सहायक प्राध्यापक, शारदा दर्रो सहायक प्राध्यापक, डॉ. मनीष कुमार सहायक प्राध्यापक, सुखराज नुरेटी सहायक प्राध्यापक, डॉ. रवि रंजन ग्रंथपाल, डॉ ममता रात्रे, सुष्मिता साना, शैलेन्द्र साहू,ह्यूमन पटेल, हुर्रा मंडावी, आर के यादव प्रयोगशाला तकनीशियन, शिव चरण रात्रे, महेंद्र श्रीवास, विजय शोरी, तिलोतमा बघेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

# महिला का अश्लील फोटो फेसबुक पर अपलोड करने के आरोप में जेल

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर पुलिस ने एक महिला के नाम व फोटो लगाकर फेसबुक पर फेक आईडी तैयार कर अश्लील फोटो अपलोड कर बदनाम करने के मामले में मध्यप्रदेश से एक युवक को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार युवक को न्यालय में पेस किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी आकाश पाल पिता रामसिंह पाल उम्र 23 वर्ष निवासी इमलिया पाटोरन ग्राम करसेना थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश द्वारा एक महिला के नाना ने बीते दिनों थाना में आवेदन देकर शिकायत की। जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक-239/2024 धारा 67 आईटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थियां 09 दिसंबर 2024 को थाना भानुप्रतापपर में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके मोबाईल नंबर पर पिछले 04 से 05 दिनों से बहुत सारे नये नंबरों से कॉल आ रहे है और अश्लील बातें करते है। फिर पता चला कि उन्हे मोबाईल नंबर फेसबुक से मिला है। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थियां की फोटो के साथ मोबाईल नंबर को फेसबुक में अश्लील बातों लिखकर फेसबुक में अपलोड करने से प्रार्थिया के पास बहुत सारे फोन (कॉल) आने से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। फोटो अपलोड करने वाला Nirj Sagar Sagar जिनका फेसबुक के धारक द्वारा फोटो में अश्लील गंदी गंदी शब्द जिखकर सोशल मिडिया में वायरल करने से प्रार्थियां के रिपोर्ट पर थाना भानुप्रतापुर में अपराध क्रमांक 239/2024 धारा 67 आईटी एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी के द्वारा उपयोग किये जा रहे मोबाईल नम्बर 6267157979 का लोकेशन सायबर सेल पुलिस कार्यालय कांकेर से लिया गया है, जिसमें आरोपी शिवपुरी (म.प्र.) का होना पाया गया।

# बाबा साहेब संस्था ने मनाई भारत की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका की 194 वीं जयंती

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगर के अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में माता फातिमा शेख की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर 194वीं जयंती मनाया गया। बाबा साहेब सेवा संस्था ने बहुजनों समाज में जन्मे महापुरुषों किया याद उनके किये अनेक कार्य को किया संस्था ने याद इस मौके पर संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, हितेंद्र श्रीवास, देवानंद चौरे, तथ्य सिल चौरे, ओमप्रकाश नाग, भुवन मारकंडेय, इरशाद अहमद, बीरज नाग, सिद्धार्थ महाजन, बीरेंद्र नेताम, मिलन राय, देवेंद्र कुमार देहारी, पंचु शोर व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महापुरुषों का इतिहास फातिमा शेख भारत की एक प्रसिद्ध शिक्षिका और समाज सुधारक थीं। उन्हें व्यापक रूप से भारत की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका माना जाता है। उन्होंने ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर दलितों और महिलाओं के लिए शिक्षा का प्रसार किया। मुख्य योगदान लड़कियों के लिए स्कूल उन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर भारत का पहला लड़कियों का स्कूल खोला। दलितों और मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा उन्होंने दलित और मुस्लिम महिलाओं को शिक्षित करने में अहम भूमिका निभाई। समाज सुधार उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और समाज सुधार के लिए काम किया। जीवन फातिमा शेख का जन्म 9 जनवरी 1831 को हुआ था। उन्होंने ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर काम किया और उनके विचारों से प्रेरित होकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दिया। फातिमा शेख का योगदान आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने महिलाओं और दलितों के सशक्तिकरण के लिए जो काम किया, वह आज भी प्रेरणादायक है।

# किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा पीएम आवास के लिए किया जा रहा हैं सर्वे



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किरन्दुल नगरपालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगरपालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र,उप अभियंता तीरथ राम सिन्हा, पीएमसी विश्वजीत मल्लिक द्वारा शनिवार डोर टू डोर सर्वे कार्य किया गया।साथ ही सर्वे कर हितग्राहियों को जानकारी देने के साथ ऑनलाइन आवेदन लिया गया।मौके पर नगरपालिका के पूजा, प्रियंका जाल, प्रीति, रानी, मीना, रानी नेताम, मरियम बेसरा, गुणसागर उपस्थित थे।

# यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान में ऑटो रिक्शा और बसों में लगाए गए फ्लेक्स पोस्टर

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




1 से 31 जनवरी तक 35वें यातायात सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोंडागांव जिले के परिवहन विभाग ने 11 जनवरी को जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन अधिकारी अतुल आसैया ने किया। जागरूकता अभियान के तहत, बस स्टैंड पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी ऑटो रिक्शा और यात्री बसों में यातायात सुरक्षा से संबंधित फ्लेक्स और पोस्टर लगाए। इन फ्लेक्स और पोस्टरों के माध्यम से यात्रियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। फ्लेक्स और पोस्टरों में शराब पीकर वाहन न चलाएं। बिना हेलमेट बाइक न चलाएं। फोर-व्हीलर में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। यातायात संकेतों और नियमों का पालन करें। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी ने कहा, यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यह अभियान लोगों को जिम्मेदार वाहन चालक और यात्री बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं। परिवहन विभाग ने स्थानीय लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की है। अभियान को स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का भी सकारात्मक समर्थन मिला।

# एनएमडीसी सीएसआर किरंदुल के द्वारा सब्जी बीज का वितरण




पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना प्रमुख संजीव साही एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख बी के माधव जी के मार्गदर्शन में शनिवार किरंदुल परियोजना के आस पास के 07 गांवों मदाडी, कोड़ेनार, समलवार, कलेपाल, हिरोली, चोलनार और किरंदुल बस्ती में सी एस आर विभाग द्वारा 11 प्रकार के सब्जियों का बीज : तोरई, भिंडी, खीरा, लौकी, कुम्हड़ा, बरबट्टी, लालभाजी, धनिया, मेथी भाजी, पालक भाजी और करेला बीज का वितरण एस. आर. गावड़े, प्रबंधक ( सिविल ) सी एस आर के द्वारा किया जा रहा है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम अमोडी अंतर्गत स्थित शासकीय उ. मा. वि.अमोडी, मा. शा. अमोडी, बालक आश्रम, प्राथमिक शाला अमोडी एवं पण्डरीपारा के बच्चों के दवारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी सभी स्कूलों के शाला समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से सर्वप्रथम बौद्धिक प्रतियोगिता प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धन्नू राम देहारी गांव के पटेल, अध्यक्षता तामराज कावडे अध्यक्ष शाला समिति, विशेष अतिथि के रुप में उमेश पोटाई युवा नेता, सदा राम उसेण्डी अध्यक्ष शाला समिति, सनोती आचला, रैनू पोटाई, के. के. मण्डावी संकुल प्राचार्य अमोडी, बिनेश्वर बैध संकुल समन्वयक अमोडी, सनकू आचला, अर्जुन सलाम, विष्णु पोटाई थे कार्यक्रम के शुरुआत अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पूजा अर्चना कर एवं बच्चों द्वारा स्वागत गीत के द्वारा किया गया उ. मा. शा अमोडी के तरफ से पाँच, मा. शा. अमोडी से पाँच, बालक आश्रम से दो प्राथमिक शाला अमोडी से पाँच एवं पण्डरीपारा से पाँच कार्यक्रम था सभी कार्यक्रमों को दर्शकों द्वारा पुरस्कार राशि नगद में दिया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक अनिल दर्रो मा. शा., व्याख्याता मुकेश उयके, धनेश महावीर, प्रमोद साहू, माधुरी ठाकुर, रीना सिदार, शिक्षक मनोज ध्रुव, अमृता कुंजाम, लखमू उयके, संतोष साहू, बालक आश्रम प्रधान अध्यापक हरिशंकर उयके, मनबहल जैन, संदीप दर्रो, पण्डारीपारा प्रधान पाठक बिनेश सूर्यवंशी, पूनम पूरामें, सुनील नेताम, शिवबत्ती उयके, कुंवर सिंह हुर्रा एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों शाला की ओर से नगद एवं थाली, प्लेट, गिलास, टिफिन देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# डीएवी किरंदुल की छात्रा स्नेहा मेश्राम का चयन परीक्षा पर चर्चा में हुआ

**किरंदुल।** संपूर्ण दंतेवाड़ा के लिए यह हर्ष का विषय है कि डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल की छात्रा स्नेहा मेश्राम जो कक्षा 11वीं कला संकाय की छात्रा है का चयन परीक्षा पर चर्चा 2025 में सहभागिता हेतु हुआ है । परीक्षा पर चर्चा तीन चरण में होना है स्नेहा मेश्राम का चयन, सफल उपलब्धि यात्रा को अपनाना सीखें थीम के लिए हुआ है जो 14 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होना है यह सिर्फ डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल एवं एनएमडीसी किरंदुल परियोजना ही नहीं वरन संपूर्ण दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव की बात है। छात्रा की उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।



# जामकोटपारा आधुनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य से मिलेगी आमजनों को सुविधा



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव नगर में अधोसंरचना मद से सामुदायिक भवन एवं मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं जिसकी लागत 47 लाख 19 हजार रुपए हैं। वार्डवासियों के अनुसार यह मांग बहुप्रतीक्षित थी जिस पर विधायक का पदभार ग्रहण करते ही स्थानीय विधायक लता उसेंडी एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के प्रयास से वार्ड के वर्षों की मांग पूरी की गई। तदनुसार वर्तमान में ठेकेदार मनीष देवांगन कोंडागांव के द्वारा कार्य प्रगति पर हैं साथ ही कार्यों के गुणवत्ता निरीक्षण पर नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाता हैं। इसके निर्माण से वार्ड में होने वाले महत्वपूर्ण बैठक एवं समारोह के कार्य में पहले की तरह छोटे-छोटे सांस्कृतिक भवनों के माध्यम से कार्यक्रम कराए जाने में जो परेशानियां होती थी, उससे छुटकारा मिलेगा एवं सुविधा मिलेगी।

## नर्स ने मुरारीपारा में कराया पूरक पोषण आहार का आयोजन

# आरएचओ ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर मुरारीपारा में न्योता भोज का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्तियोजना के तहत न्योता भोज दिया जाने वाला एक अतिरिक्त भोजन है। न्योता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। न्योता भोज विभिन्न त्योहारों के अवसर एवं वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह व राष्ट्रीय पर्व आदि अवसरों पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। इस योजना में आमजन, सामाजिक संस्थाओं, संगठन, जनप्रतिनिधि, व्यापारी व सभी वर्गों के लोगों इसमें सहभागी बन सकते हैं। इसी कड़ी में शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र जामकोटपारा कोंडागांव के आर. एच. ओ. शारदा साहू ने अपने पुत्र राहुल साहू के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में कब-बुलबुल के छात्र छात्राओं को पूरक पोषण आहार के रुप में न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में मुख्य रूप से खीर-पुड़ी, भजिया, आलू पनीर दूमटर की सब्जी, दाल चावल, चॉकलेट, पापड़ खिलाकर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के हेड मास्टर पवन कुमार साहू ने कहा कि, इस तरह के नेवता भोज के आयोजन से बच्चों को पूरक पोषण आहार मिलता है। और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। तथा इस प्रकार के भोज से शिक्षक, छात्रों और समुदाय के बीच अपनापन एवं समानता की भावना जागृत होता है।

## नेवता भोज से बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने की अनूठी पहल



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत स्कूलों में विद्यार्थियों को सामुदायिक भागीदारी के तहत गर्म एवं पोषण आहार दी जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच और समर्पित नेतृत्व में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के उद्देश्य से इस योजना के तहत राज्य में श्नेवता भोजश् पहल की शुरुआत की गई है। यह पहल बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कोंडागांव जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूल, बम्हनी में नेवता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राम गोपाल सिंह और प्रधान अध्यापक सुखराम मरकाम के नेतृत्व में स्कूल के 372 बच्चों को पौष्टिक भोजन परोसा गया। नेवता भोज के अंतर्गत बच्चों को चावल, दाल, मटर, पत्तागोभी की सब्जी, पूड़ी, खीर, पापड़ और अचार परोसा गया। इस संतुलित भोजन का उद्देश्य बच्चों को आवश्यक पोषण प्रदान करना है, जिससे वे स्वस्थ और सशक्त बन सकें।

**नेवता भोज कुपोषण के खिलाफ मजबूत कदम**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेवता भोज पहल की परिकल्पना इस विचार के साथ की कि राज्य के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्कूल स्तर पर नियमित रूप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे न केवल बच्चों की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ने प्रात :कालीन नगर का किया भ्रमण



**भानुप्रतापपुर।** मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव जी के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त कुमार नेताम द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से नगर की साफ-सफाई, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक को मोहन जेठी लॉज द्वारा टोल-फ्री नंबर में कचरा उठाव के लिए शिकायत दर्ज कराई गई थी। जो कि शासन द्वारा साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों को दूर करने के लिए जारी की गई है।

# ओडिशा के पूर्व मंत्री के बेटे सहित 12 बीजेडी कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज

## लाज में जबरन घुसकर बलवा कराने का आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

ओडिशा के झारसुगड़ा के पास ग्राम किरमिरा में पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ पड़ने वाले मतदान का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक होने के साथ साथ अब यह मामला पुलिस तक भी पहुंच गया है । जिस तरह से इस मामले को पहुंच दिया गया है इसके खिलाफ झारसुगड़ा में कलेक्ट्रेट के सामने पीड़ित पक्षो द्वारा जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया है । झारसुगड़ा से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला आगे जाकर और तूल पकड़ सकता है । इस घटना को लेकर ओड़िसा व छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यशैली को लेकर बीजेडी में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है । इस घटना के संबंध में पूर्व सीएम नवीन पटनायक द्वारा छत्तीसगढ़ के सीएम को लिखा गया अनुरोध पत्र भी किसी काम नही आया । इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार झारसुगड़ा के ग्राम किरमिरा में ब्लाक अध्यक्ष पद पर बिष्णु प्रिय साहू पहले बीजेडी दल से चुनी गई थी बाद में सरकार बदल जाने के बाद उसके भाजपा में शामिल हो जाने से पंचायत प्रतिनिधियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुवे अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। इस



हेतु शुक्रवार को मतदान होना था । मतदान के पूर्व अपने समर्थकों , सरपंचों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बीजेडी सरकार में कद्दावर नेता माने जाने वाले स्वास्थ्य मंत्री रहे नबो दास के बेटे विशाल दास महासमुंद घूमने आए थे व मतदान के लिए वापस जा रहे थे । रात्रि में सरायपाली बस स्टैण्ड स्थित राधिका इन होटल में मैनेजर भोई व पुलिस वालों के साथ झीना झुपट्टी ,होटल में बलात प्रवेश व बलवा किये जाने के आरोप में विशाल दास सहित 12 बीजेडी कार्यकर्ताओ के खिलाफ धारा 147 , 191/2 ,331 ,186, 221 व 121अ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों का बयान दर्ज कर व नोटिस दिए जाने के 15 -16 घंटो के बाद छोड़ा गया । पुलिस रिकार्ड में व वेबसाइड में प्रकरण संवेदनशील कहकर इसे अपलोड नही किया गया है । इस संबंध में बीजेडी के वरिष्ठ नेता व बरगढ़ के पूर्व विधायक देवेश आचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुवे कहा कि देश व राज्यो में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सभी कार्य किये जाते हैं । किरमिरा के पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अविश्वास प्रस्ताव अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया था ।यह सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है । शुक्रवार को इस पर मतदान होना था पर एक पंचायत स्तर के प्रक्रिया में ओडिशा व छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार व उसके प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चुने हुवे जनप्रतिनिधियों , वरिष्ठ कार्यकर्ताओ व महिलाओं तक को झूठे प्रकरणों में फंसा कर व उन्हें बलात रूप से होटल व थाने में ले जाकर उन्हें मतदान किये जाने से रोका गया है । यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया व लोकतंत्र की दोनों सरकारों द्वारा हत्या की गई है । इस मामले में ओड़िसा के वरिष्ठ व सम्मानीय मुख्यमंत्री रहे नवीन पटनायक द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को इस मामले में दखल देते हुवे अनुरोध पत्र का भी भाजपा सरकारों ने सम्मान नही किया यह और ही दुखद घटना है ।पूर्व विधायक देवेश आचार्य ने कहा कि इस घटना को लेकर पार्टी कानूनी प्रक्रिया व मामले को न्यायालय ले जाने पर भी विचार कर रही है । इस संबंध में पूर्व मंत्री के बेटे विशाल दास ने कहा कि उन सभी लोगो पर जो आरोप लगाए गए हैं वह पूर्णत निराधार व झूठे हैं ऐसी कोई भी घटना घटित नही हुई है । वे निर्वाचित प्रतिनिधि हैं उन्हें भी नियम कानूनों की जानकारी है । नियम विरुद्ध कुछ भी आचरण नही किया गया है । अपने एक दलबदलू पंचायत अध्यक्ष को बचाने व उसे सरंक्षण देने के लिए दोनों भाजपा शाषित राज्यों द्वारा षड्यंत्र पूर्वक सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ झूठे प्रकरणों में फंसाया गया है साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया में भाग लिए जाने से भी जबरन रोका गया । हम कानूनी रूप से भी इस गैरकानूनी रूप से पंजीबद्ध किये गए प्रकरण के खिलाफलड़ाई लड़ेंगे । ज्ञातव्य हो कि विशाल दास की बहन दीपाली दास ( पूर्व विधायक ) द्वारा इस घटना के खिलाफ कल झारसुगड़ा में कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया था । इस घटना को लेकर गांव में भी असंतोष व्याप्त है ।

# अपर कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अपर कलेक्टर भूपेंद्र कुमार अग्रवाल शुक्रवार जिला मुख्यालय स्थिति जिला अस्पताल निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में साफ -सफाई, मरीजों एवं आगन्तुकों के लिए पेयजल व्यवस्था, ओपीडी, आईपीडी, लैब सहित विभिन्न कक्षों एवं पोषण पुनर्नवास केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ओपीडी एवं आईपीड़ी में पंजीयन प्रणाली, कुल पंजीयन की जानकारी लिया गया। इसीतरह विगत एक माह में आयुष्मान कार्ड से ईलाज व रिफ़रल मरीजों की भी जानकारी ली गई। प्रसूति विभाग में विगत माह



## सफाई सहित पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

में भर्ती हुए प्रसूताओं में रिफरल की जानकारी ली गई जिसमें बतया गया कि सबसे अधिक पलारी व रोहांसी क्षेत्र से भर्ती हुए है। इस क्षेत्र के सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण रिफरल केस ज्यादा हैं।विगत माह दिसंबर में 285 महिलाओं का प्रसूति कराया गया।उन्होंने आयुष्मान कार्ड से ईलाज क़ी भी जानकारी ली जिसमें बताया गया क़ि 1 से 10 जनवरी तक कैजुल्टी में 35 एवं अन्य में 64 पंजीयन हुआ है।प्रसूति कक्ष में भर्ती प्रसूताओं से भोजन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में पूछताछ क़ी जिस पर बताया गया कि भोजन व नाश्ता समय पर और गुणवत्तापूर्ण मिल रहा है। अपर कलेक्टर ने परिसर में संचालित 7 बिस्तरीय पोषण पुनर्नवास केंद्र क भी निरीक्षण किया। माह जनवरी 2025 में 3 कुपोषित बच्चे भर्ती मिले जिन्हे जरूरत एवं आहार चार्ट के अनुसार पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियो से समन्वय कर कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकत्सा अधिकारी डॉ के. टेभूरने सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# रासेयो शिविर में बताया गया रक्तदान का महत्व

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम मोहतरा में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सप्त दिवसीय विशेष शिवीर के तृतीय दिवस पर बौद्धिक पर चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बलौदा बाजार के संरक्षक संदीप पांडे सर ने कविता से समां बांधा महाविद्यालय से गृह विज्ञान विभाग से डॉ. चित्ररेखा सिंगरौले ने पोषण आहार और शरीर में उसके प्रभाव को विस्तार से बताया साथ ही इस अवसर पर जितेंद्र साहू संयोजक सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी उपस्थित थे जिन्होंने रक्तदान के महत्व से छात्राओं को अवगत कराया एवं दुर्गेश कुमार वर्मा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरनयापारा द्वारा स्वयं





सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित पुरस्कारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई शिविर के चतुर्थ दिवस पर क्रेड़ा के बारे में छात्राओं से चर्चा की गई एवं क्रेडा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में स्वयं सेवकों को बताया गया इस अवसर पर डॉक्टर एस एम पाध्ये उपस्थित रहे जिन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में जोड़कर समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया साथ ही अपर कलेक्टर मिथलेश डोडे द्वारा छात्राओं से सप्त दिवसीय शिविर में सम्मिलित होने के लिए बधाई दी गई और अपने अभिभाषण से छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार किया तहसीलदार पेखन टुंडे ने स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभव को साझा करते हुए व्यक्तित्व के विकास पर चर्चा की साथ ही छात्राओं द्वारा चतुर्थ दिवस पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था जो गैर सरकारी संगठन यारी के बैनर तले संपन्न हुआ इसके माध्यम से छात्राओं ने एचआईवी सामानता नारी शक्ति मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर नारा लगाते हुए ग्राम मोहतरा का भ्रमण किया जिसमें आनंद पांडे ग्राम मोहतरा के सरपंच ईश्वरी साहू सरपंच प्रतिनिधि संतोष साहू कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रोशनी लता राकेश एवं शिविर में उपस्थित स्वयं सेविकाओं की भागीदारी रही यह रैली राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी।

# नगर पंचायत कुरूद में सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पंचायत कुरूद में सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। नगर पंचायत कुरूद में कुल 34 स्वच्छता कर्मी कार्यरत हैं जिनमें 24 स्वच्छता दीदियां एवं 10 पुरुष स्वच्छता कर्मी हैं, जो प्रतिदिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करते हैं। उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल यूनिट में सभी का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

# कुश्ती प्रतियोगिता में कुरूद महाविद्यालय के हेमा का चयन

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड.- तृतीय सेमेस्टर की छात्रा हेमा गांवरे का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी (सेन्ट्रल विश्वविद्यालय भटिण्डा पंजाब) कुश्ती प्रतियोगिता हेतु हुआ है। विदित हो कि 16.12.2024 को दुर्गा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) में सेक्टरस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों के टीमो ने भाग लिया था, जिसमें संत गुरू घासीदास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के



हेमा ने 59 कि.ग्रा. वर्ग केटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा करने के कारण उनका चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी दिनांक 07 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। खिलाड़ी के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा, क्रीड़ा प्रभारी अमित टण्डन, क्रीड़ा सहायक शहनाज बेगम, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरि राम साहू, सुचित्रमणी श्रीमाली, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एन.के.मेश्राम, एम.एस.साहू, डॉ. आर.के.पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बी.आर.देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण कुमार पटेल,, हित नारायण टण्डन, डॉ. फ़िरोज सोनवानी, राकेश कुमार सोनकर, शिबा वंजारी, कृपा राम साहू, पवन ताम्रकार सुरेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, सुलीना दिली, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ , एच.आर. उईके, तेजराम सिन्हा, वाय.आर.उईके, के.आर. डहरे, ढालू राम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रवि कुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षक उपस्थित रहें एवं विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर किए गए विभिन्न कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 11 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री जी के पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा द्वारा शास्त्री जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर शास्त्री जी के जीवन से जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए प्राचार्य ने उनकी सादगी और ईमानदारी को बताने वाली प्रसंगों पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना उपाध्याय ने देश की तात्कालीन अर्थव्यवस्था को सुधारने हेतु शास्त्री जी के प्रयासों को बताया, कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी द्वारा किया गया जिन्होने शास्त्री जी के जीवन शैली एवं व्यक्तित्व की विशेषताओं को वर्णित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहें।

# पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर बने धमतरी निगम के पर्यवेक्षक

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनावों को लेकर छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने समस्त नगरीय निकायों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिसमें धमतरी नगर निगम के लिए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के लिए जारी आदेशानुसार चंद्राकर धमतरी निगम के लिए गठित प्रभारी, वार्ड समितियों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर धमतरी जिलाध्यक्ष



सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से रायशुमारी कर जितने योग्य प्रत्याशी का नाम पीसीसी को प्रेषित करेंगे। चंद्राकर ने पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। प्रदेश में भाजपा की वादाखिलाफी तथा भ्रष्ट रवैये से हर वर्ग में आक्रोश है। जनता आगामी निकाय चुनावों में भाजपा को सबक सिखाएगी। प्रदेश में भाजपा सरकार ने अनेक जुमले फेक कर सरकार बनाया। लेकिन, वादे नहीं निभाए। किसानों से किया वादा, युवा, महिलाओं, बुजुर्गो सहित हर वर्ग को ठगने का काम भाजपा ने किया। 500 रुपए में रसोई गैस, युवाओं को नौकरी, माताओं बहनों को स्वरोजगार, किसानों को धान का 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान, ग्राम पंचायतों में अलग काउंटर लगाकर धान भुगतान की सुविधा का वादा भाजपा भूल गई।

# संतोष कुमार ढीमर ने स्वनिधि योजना से किया फल दुकान का विस्तार



सफलता की कहानी

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले के नगर पंचायत कुरूद का रहने वाले संतोष कुमार ढीमर की कहानी एक प्रेरणा है। 40 वर्षीय संतोष कुमार ढीमर साहू फ्ल ठेला चलाते हैं। पहले उनकी दुकान से इतनी कमाई नहीं हो पाती थी कि परिवार का खर्च आसानी से चल सके। लॉकडाउन के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई। ऐसे समय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने उन्हें नई शुरुआत करने का अवसर दिया। संतोष कुमार ढीमर को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में नगर पंचायत कार्यालय के माध्यम से जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और उन्हें 10,000 का आसान ऋण प्राप्त हुआ। संतोष कुमार ढीमर ने इस राशि से अपने फ्ल व्यवसाय का विस्तार किया। संतोष कुमार ढीमर ने पहला ऋ्रण समय पर चुकाया और इसके बाद योजना के तहत 20,000 का दूसरा ऋण लिया। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने फ्ल व्यावसाय संचालन सुचारू रूप से कर रहा है और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। संतोष कुमार ढीमर की दैनिक आय पहले 200-300 थी, जो अब 700-1,000 तक पहुंच गई है। वे अब अपने परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर रहे हैं। मैं हर छोटे व्यापारी से कहना चाहता हूं कि इस योजना का लाभ उठाएं और अपने सपनों को पूरा करें।

# सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने होंगे सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर में चल रहे सफ़ाई कार्यो का निरीक्षण के दौरान सफ़ाई कर्मचारियों को उपलब्ध आवश्यक सामग्री सहित, डोर-टू-डोर कलेक्शन के दौरान सफाई कर्मचारियों को कचरा नहीं दिये जाने वाले परिवारजनों एवं घरों को चिन्हांकित कर पेनाल्टी वसूल करने निर्देशित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने प्रातः भ्रमण कर वार्डो मे सफाई कार्य का अवलोकन करते हुए कार्य में लापरवाही बरतने एवं अकारण अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश दिये गये। कचरा संग्रहण में निकली सूखा कचरा एवं गीला कचरा एकत्रित कर रही महिलाओं से कार्य के प्रति ईमानदारी पर 26 जनवरी को उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरूष्कृत करने भी कहा गया। सिविल लाईन, गार्डन चैक, वैष्णव कॉलोनी सहित नया बस स्टैण्ड क्षेत्र में सफ़ाई कार्य का निरीक्षण करते हुए व आवश्यक निर्देश देने के दौरान स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप ने निर्देशानुसार कार्य करने एवं उपस्थित कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई व मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के साथ निरीक्षण के दौरान उपस्थि होकर किये जा हे कार्यो की जानकारी दी गई।

# धमतरी क्षेत्र को मिली सौगात से साबित हो गया विष्णु का शासन नहीं सुशासन है : महेंद्र पंडित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

विगत 8 जनवरी 2025 को धमतरी के परेड ग्राउंड में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा धमतरी क्षेत्र को दी गई सौगात से पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है। इसी को लेकर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित ने अपने ऊर्जावान साथियों के साथ प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के निवास में उनका शॉल, श्रीफल व पुष्प गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया और कहा कि आप धमतरी की जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाले वरदान है। हम आपका और मुख्यमंत्री का हृदय से आभार करते



हुए बहुत.बहुत अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण उनसे तत्काल मिल पाना संभव नहीं है। हम आपको ही उनका प्रतिनिधि मानकर आपका और विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छग शासन का अभिनंदन कर रहे हैं। आगे पंडित ने कहा कि जो सौगात धमतरी को मुख्यमंत्री ने दी है वो धमतरी के विकास के लिये मील का पत्थर के साथ धमतरी क्षेत्र वासियों के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करने वाला है। धमतरी पीजी कॉलेज में लॉ फैसिलिटी के अलग से भवन निर्माण की स्वीकृति यह सिर्फ भवन नहीं उन हजारों धमतरी के अधिवक्ताओं के स्वप्न को पूर्ण किया जिनके अभाव में कभी म्युनिसिपल स्कूल में रात में, कभी नए कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग में उन्होंने अपने वकालत की पढ़ाई की। लेकिन उनकी आने वाली पीढ़ी को अब उसका अभाव को नहीं सहेंगे और भविष्य में धमतरी में लॉ विधि विभाग फैकल्टी के अंतर्गत उच्च शिक्षा की संभावनाएं बड़ी है। गौरव ग्राम कंडेल में नवीन कॉलेज भवन का घोषणा उस अंचल के हजारों विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला होगा। वैसे ही नालंदा परिसर की स्थापना की घोषणा धमतरी क्षेत्रवासियों के सामान्य वर्गो के पालकों व उनके बच्चों के स्वर्णिम भविष्य को निर्माण करने के लिए वरदान साबित होगा। अब हमारे क्षेत्र के भी बच्चे अपने आईपीएस, आईएएस, आईएफ्एस और अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की आवश्यकताओं को आसानी से प्राप्त कर अपने सपनों को पूर्ण कर सकेंगे इसीलिए हम गर्व से कहते हैं अब छत्तीसगढ़ में विष्णु का शासन नहीं सुशासन है। वहीं ऐसा मुख्यमंत्री जो युवाओं के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण की सोच रखता है उसे काला झंडा दिखाने, घृणित मानसिकता कांग्रेस की विकास विरोधी सोच को प्रदर्शित करता है और जो मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की युवाओं के भविष्य को अंधकारमय करता है। महादेव सट्टा खिला कर यहां का भविष्य अंधकार में बनता है। ऐसे ठगेश की महिमा मंडित करते हैं, इससे धमतरीवासियो को स्पष्ट दिख रहा है कि अब छत्तीसगढ़ में विष्णु का सुशासन है जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और उज्जवल है। इस इस अवसर पर धमतरी युवा तरुणाई का प्रतिनिधित्व करने वाले युवराज मरकाम, गोपाल साहू, सुभाष चंद्राकर, अमृत साहू, हर्ष अग्रवाल, मनप्रीत सिंह हंसरा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ने लालबगीचा वार्ड में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

लाल बगीचा वार्ड मांक 03 में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा व्द्वारा किया गया। निर्माण कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण तिरंगा चौक के पास लागत 14.29 लाख रूपए, सीसी रोड निर्माण मकई चौक स्थित मजार के पास से रामाधार ढीमर घर तक लागत 5.91 लाख रूपए, सीसी रोड निर्माण लाल बगीचा वार्ड मांक 03 मे सामुदायिक भवन से मेनरोड तूफ्न चौक तक एवं पार्षद बिसन निषाद घर के सामने चबूतरा मे ग्रेनाईट एवं फ्लोरिंग कार्य लागत 4.05 लाख रूपए है आदि शामिल हैं। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र



रोहरा, अविनाश दुबे जिला महामंत्री, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, वार्ड पार्षद बिसन लाल निषाद, हेमंत बंजारे पार्षद, मिथलेश सिन्हा पार्षद, गोपाल साहू, धर्मेश साहू, उतम साहू, धनेश्वर निषाद, मिथलेश निषाद, विनय राजपूत, देवा चतुर्वेदी, शिवा, वोगेश वर्मा, सोनू देवांगन, राहुल, पूर्व पार्षद कमलेश्वरी निषाद, गीता शर्मा, दुर्गा महिलांगे, संगीता यादव, रिश्मा मेश्राम, श्यामा यादव, उषा, डॉली वर्मा, रेखा यादव, बैशाखिन, रोशनी ढीमर, कुमारी बाई, लक्ष्मी बाई, गंगा बाई, शकुन, ममता, केशरी, फूलबाई, नीरज चंद्राकर, शिव प्रसाद, मनीष जोशी, परमेश्वर साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य तीव्र गति से जारी है और आगे भी जारी रहेंगे।

# स्वच्छता के प्रति बढ़ रही है जन जागरूकता, बदल रही है लोगों की सोच सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग करके दे रहे है निगम के वाहनों को

## डोर टू डोर जाकर शहरवासियों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



स्वच्छ सर्वेक्षण - 2024-25 में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर व निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नियमित प्रातः फील्ड निरीक्षण कर रहें है। निरीक्षण से स्वच्छता के प्रति बढ़ रही है जन जागरूकता। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर शहरवासियों को गीले कचरे से खाद बनाने और सूखा व गीला कचरा अलग अलग करने के प्रति शहरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। गीले कचरे के बारे में लोगों को समझाया जा रहा है कि हां मैं कचरा नहीं हूं। स्वच्छ सर्वेक्षण - 2024-25 में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर शहरवासियों को गीले कचरे से खाद बनाने और सूखा व गीला कचरा अलग अलग करने के प्रति शहरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। गीले कचरे के बारे में लोगों को समझाया जा रहा है कि हां मैं कचरा नहीं हूं। क्योंकि मुझसे बन सकता है खाद। बता दें ,कि पिछ्ली बैठक में उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के कार्यो की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उसकी रिसाइक्लिंग और गीले कचरे से कंपोस्ट बनाने के काम में सुधार लाई जावे. कलेक्टर एवं निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश एवं निगमायुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया है। जिन्होंने वार्ड शहर के विभिन्न स्कूलों, कालेज, होटलों, धार्मिक स्थलों, दुकानों पर जाकर लोगों को स्वच्छता से संबंधित उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अपने शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए सहयोग देने की अपील की। इसके साथ लोगों को गीला कचरे से खाद बनाने के प्रेरित किया। गीले, सूखे और ई-वेस्ट के सह निपटान के लिए जागरूक किया। इसके अलावा टीम के सदस्यों ने स्कूलों, अस्पतालों, कॉलेज, धार्मिक स्थलों पर जाकर उनके मालिकों को अपने घर के आसपास सड़क, पेड़, गली व अन्य स्थानों को गोद लेकर उसे साफव सुंदर बनाने के लिए प्रेरित किया। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक होकर नगर निगम को सहयोग कर रहे है। लोगों की सोच बदल रही है और वे सूखा व गीला कचराअलग अलग करके निगम के वाहन को दे रहे। जो लोग अभी भी सूखा व गीला कचरा करके निगम के वाहन को नहीं देते, वे भी कचरा अलग अलग करने की आदत डाले और शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। तभी हमारा शहर भारत का सबसे साफ और सुंदर शहर बनेगा।

# कलेक्टर व निगम प्रशासक द्वारा चौक चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश, बढ़ती ठंड को लेकर निगम प्रशासन अलर्ट

## निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर जलाया अलाव

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। रात के समय ठंड और कोहरा काफी बढ़ जा रहा है। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश ओर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन पर शहर के चौक चौराहों पर लगातार अलाव जलाने के निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर की टीम अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा अलाव जलाया जा रहा है।नगर पालिक निगम अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा शहर के सभी चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में लगातार अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और ठंड के कहर से लोगों की जान तक चली जाती है। सबसे अधिक खतरा घुमंतू और. फुटपाथ पर सोने वालों को रहता है। साथ देर रात रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में यात्रियों को ठंड के चलते काफी परेशानी होती है। इसी को देखते हुए सभी सार्वजनिक जगह में निरंतर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा करने से फुटपाथ पर सोने वाले और देर रात आने जाने वाले यात्री अलाव का उपयोग कर सकेंगे। मुख्य जगहों में निरंतर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर व निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ जहां लोग सोते हैं, शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, चौक-चौराहा सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है । इसके लिए निगम ने लकड़ी की व्यवस्था की गई है। बढ़ती ठंड के कारण चौक चौराहों पर रात के समय अलाव जलाना बहुत जरूरी है, जिससे ये लोग अलाव ताप कर ठंड दूर कर सकें।

# भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का आत्मानंद चौक पर हुआ जोशीला स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के प्रथम पाटन नगर आगमन पर पाटन भाजपा मंडल के नेतृव में भव्य स्वागत किया गया। आपको बता दे कि मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर के नेतृव में किया गया कौशिक का स्वागत।मिली जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक चंदूलाल चंद्राकर शासकीय महाविद्यालय पाटन के वार्षिक उत्सव में शामिल होने पाटन पहुंचे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी साथ में रहे। जिसका कार्यकर्ताओं ने आत्मानंद चौक पर जोशीला स्वागत किया। जंहा मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकार, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, ज्योतिष प्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर,सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, राजेश चंद्राकर निक्की भाले मौजूद रहे। इस दौरान कृष्णा भाले, शरद बघेल, छबि श्याम देवांगन, रामू राम कुंभकार, बाबा वर्मा, दिव्या कलहारी, चंद्रिका साहू, हेमलता पटेल, सीता देवांगन, किरण बंछोर, निशा सोनी, रेणुका बिजौरा, नीलकंठ देवांगन, अति सफहा, गंगादीन साहू, हरप्रसाद आडील, जेपी देवांगन, नारायण पटेल, राधे यादव, युवा मोर्चा से कुणाल शर्मा, केवल देवांगन, सागर सोनी, वेद प्रकाश वर्मा, कुणाल वर्मा, लोकेश पटेल, खगेश देवांगन, राहुल साई, गुलशन सोनी, देवेंद्र ठाकुर, सक्षम यदु, ओमप्रकाश साहू, छन्नू वर्मा,रोशन वर्मा, यमन सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान : महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभाकक्ष मे

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान केप्रभावी क्रियान्वयन हेतु परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कार्यक्रम अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर जी एवं जिला महिला अधिकारी अजय कुमार साहू जी द्वारा दीपप्रज्वलन एवं सरस्वती माता को माल्यार्पण करते हुए किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला अधिकारी द्वारा अपने उदबोधन मे बाल विवाह के दुष्परिणाम पर प्रकाश डालते हुए सम्पूर्ण जिला सम्पूर्ण राज्य को बाल विवाह मुक्त कराने हेतु रणनीति व जिम्मेदार विभागों के कार्यादायित्व पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग की जिला टिकारण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव मैडम एवम डॉ अर्चना चौहान द्वारा बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम पर विस्तार से बताया साथ ही बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर इसके विषय मे चर्चा की गयी। कार्यशाला मे परियोजना अधिकारी अनिता सिंग द्वारा व आई. सी. पी. एस शाखा की सीता कन्नौजे द्वारा बालविवाह का शत प्रतिशत उन्मूलन हेतु क़ानून व क्रियान्वयन हेतु जिम्मेदार विभागों एवं क्रियान्वयन मे आने वाली चुनौतीयों के विषय पर चर्चा की गयी। कार्यशाल मे बताया गया की किस तरह बालविवाह समाज के राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को प्रभावित करता है। कार्यशाला मे जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला अधिकारी द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु सभी उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ दिलाया गया।

# अम्लेश्वर पालिका में 13 जनवरी को होगा विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन

## सांसद विजय बघेल सहित भाजपा के स्थानीय नेता होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता ‹ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन 13 जनवरी 2025 को पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 में कबीर चौक डीह में रखा गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, महामंत्री कैलाश यादव, जनपद सदस्य रेवती दयानंद सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू, नगर अध्यक्ष डॉक्टर आलोक पाल प्रमुख रूप से रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित पूरी टीम के द्वारा की जा रही है।

# कृष्णा यादव का सपना हुआ साकार,परिवार के साथ पहुँचे खुद के आवास पर खुशी के कारण आंखों में आए आंसू

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बैगापारा निवासी कृष्णा यादव पिता सीताराम यादव उम्र 53 वर्ष की खुशी का ठिकाना नही रहा। पूरा हो चुके खुद के पीएम आवास में उन्होंने पूरे परिवार के साथ कदम रखा तो खुशी के कारण आंखों में आंसू आने लगे।उन्होंने बताया कि जिंदगी भर कवेलू के मकान में रहें है। कृष्णा यादव ने प्रधानमंत्री आवास के तहत अपना खुद का पक्का सुंदर आशियाना बनवा लिया। उन्होंने सफलता की कहानी बताई. कृष्णा यादव पिता सीताराम यादव उम्र 53 वर्ष निवास बैगापारा ने बताया कि मेरी अपंगता 75त्न है।उन्होंने बताया कि अपने झोपड़ी में जैसे तैसे अपने परिवार के साथ में आज तक निवास कर रहा था। गरीबी और शरीर की लाचारी से तंग आकर मैं हिम्मत हार चुका था, मेरा एक पैर पूरी तरह से शून्य है. ऐसी तंगी हालत में कच्चे मकान में रहना बहुत ही दुखद प्रतीत होता था,शरीर की लाचारी, पैसे की तंगी, परिवार की जिम्मेदारी, भाई की मजदूरी ऊपर से कच्चा मकान बारिश की दिनों में रहना दूभर हो गया था!छानी वाला खप्पर का मकान होने की वजह से हर साल रिपेयरिंग करवाने का का झंझट के लिए अपनी लाचारी एवं मज़बूरी पर आंसू बहाया करता था! खप्पर वाले मकान में बारिश के दिनों में पानी टपकता रहता था इस स्थिति में परिवार के साथ में रहना मज़बूरी थी,गाहे बगाहे में हमेशा अपनी किस्मत को कोषता था। मुझे पान ठेले में किसी मित्र ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाया जा सकता है, फिर कुछ मोहल्ले के दोस्तों ने भी मुझे इस बात का जिक्र किया,पता करते करते वार्ड के पार्षद से मुलाकात कर जानकारी लिया कि किस तरह से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाया जा सकता है।

# भारत माता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण-आयुक्त ने किया विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, इसमें से नेहरू नगर क्षेत्र में 50 से अधिक उद्यान निर्मित किये गये है। जिसकी देखरेख नगर निगम भिलाई द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है, कि जिन उद्यानो का निर्माण हो चुका है। उसका देखरेख सिंचाई, साफ -सफाई, खाद डालने का कार्य आदि की व्यवस्था स्थानीय जागरूक नागरिको द्वारा किया जायेगा, तो अच्छा स्वरूप रहेगा। निगम की सीमित संसाधनों के कारण बहुत सारे उद्यानो का देखरेख नियमित नहीं हो पा रहा है। निगम प्रशासन जागरूक समितियां, स्थानीय नागरिको से आव्हान करता है। कि अपने निवास क्षेत्र में स्थित उद्यानों का देखरेख का कार्य स्वयं करे, निगम उनके मध्य अनुबंध करेगा, इसका लाभ सभी लोगो को प्राप्त होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम क्षेत्र के उद्यानो का निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें प्रमुख रूप से भारत माता उद्यान जो नेशनल हाईवे पुलिस यातायात कार्यालय के समीप है। बहुत अच्छा निर्मित है, उसका सौंदर्यीकरण करके आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही शिवाजी पार्क, सांई उद्यान, मिलेनियम पार्क, महाराणा प्रताप उद्यान आदि जगहो का निरीक्षण किये। जिसमें स्थानीय नागरिको द्वारा कुछ आवश्यक सलाह दिये, आयुक्त ने यथा संभव उसको पुरा करने को कहा। लेकिन साथ में एक शर्ते रहेगी, कि निगम भिलाई द्वारा व्यवस्थित करके एक बार दे दिया जाएगा। उसका देखरेख स्थानीय नागरिको द्वारा समिति बनाकर स्वयं के व्यय से किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, भारत विकास परिषद के शिवनारायण मोदी, बी.एन. पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, सुषमा झाम, गीता मोदी, एम.एस. ठाकुर, एस.ई. आनंद, उमेश सिंह भंडारकर आदि उपस्थित रहे।

# तहसील साहू संघ पाटन के तत्वधान में युवा सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ पाटन के तत्वधान में 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी पूर्ण हो गई है। तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने कहा कि युवा सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर युवा हिस्सा ले इस विषय में स्थानीय स्तर पर बैठक लेकर अपील किया गया है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ई-मेल आई-डी :- eewrmwh@cgwrd.in / wrdnmarwahi@gmail.com

### // निविदा निरस्तीकरण आदेश //

आदेश क्र. 102/व.ले.लि./2024-25 मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड दिनांक 10/01/2025

निविदा सूचना क्रमांक : 07/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 12.12.2024 परासी उद्‌वहन सिंचाई योजना के मुख्य नहर का जीर्णोद्धार एवं सी.सी.लाईनिंग कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रमांक 162659 को एकल निविदा आमंत्रण प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी- 242504542, दिनांक 14.12.2024

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G-242505289/5



## कार्यालय नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर जिला-जशपुर (छ.ग.)

### // मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 35/न.पा.नि./लो.नि./2024-25 जशपुरनगर, दिनांक 10/01/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर की ओर से राज्य प्रवर्तित योजना मद अन्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत **सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार** द्वारा भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील लागत राशि, अधिक या कम दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु त्रि-लिफाफा पद्धति द्वारा फार्म ''ए'' मोहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। जो निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जावेगी।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि - 22/01/2025 कार्यालयीन समय तक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों की सूची एवं कार्यालयीन नोंटिस बोर्ड में चस्पा करने की तिथि - 24/01/2025 कार्यालयीन समय तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 31/01/2025 समय 2:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 31/01/2025 समय सायं 3:00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि रू. (T.D.R./F.D.R.) | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार / सप्लायर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड क्रमांक-14 सेमर तालाब सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य | 12.71 | 9533.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी | 04 माह |
| | कुल योग :- | 12.71 | | | | |

निविदा हेतु आवेदन पत्र सहदस्तावेज रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्य की निविदा की समस्त शर्ते / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति / निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, जशपुरनगर


# ग्राम मोहतरा में सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया

# एनएसएस शिविर में बच्चों को गुड-टच एवं बैड-टच सहित अन्य कानूनों के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्के न्द्र जाटवर के मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा ग्राम मोहतरा में आयोजित सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर में बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया। सभी छात्राएं को गुड टच, बैड टच एवं अन्य कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षण अधिकारी दीपक राय ने कैम्प के स्वयं सेवकों किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि बडो के लिए जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चो संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015 (संशोधित 2022), पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध अधिनियम 2009 आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, गुड टच और बैड टच की पहचान, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, स्पॉन्सरशिप योजना, नशा उन्मूलन, घुमंतू बच्चों का पुनर्वास तथा अपशिष्ट संग्रहण में कार्यरत बच्चों के पुनर्वास के बारे में भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक, विधि के साथ संघर्षरत बालक, मिशन वात्सल्य योजना, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की सेवाओं पर भी विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रोशनी लता देवांगन, जिला बाल संरक्षण इकाई संरक्षण अधिकारी दीपक राय, आउटरीच वर्कर अर्चना वैष्णव और चाइल्ड हेल्पलाइन केंद्र से समन्वयक रेखा शर्मा एवं काउंसलर गीता वर्मा उपस्थित थे।


## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

### कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **सुखवंत सिंह**, श्रीमती मनजीत कौर खाता सं. LNBHI02921-220191643 | 10 मई 2023 ₹ 987805/- 8 मई 2023 | ग्राम-कोहका, अम्बेडकर वार्ड नं. -9, पीएचएन-14, आरएनएम-दुर्ग-1, खसरा नं. -6815/1 का भाग, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 **क्षेत्रफल 1078 वर्ग फीट** | भौतिक कब्जा दिनांक 10 जनवरी 2025 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 12-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

### भारत-अफगान वार्ता व्यावहारिक दृष्टिकोण

तालिबान को मान्यता न देने से लेकर भारत-अफगान वार्ता तक भारत के दृष्टिकोण में परिवर्तन व्यावहारिक है। भारत और तालिबान नीत अफगान सरकार के बीच दुबई में उच्चस्तरीय बैठक संबंध सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस संवाद में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री तथा अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री मवालावी आमिर खान मुत्तकी ने भाग लिया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंध सुधारने तथा क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इन वार्ताओं में आर्थिक, मानवीय व रणनीतिक सहयोग पर ध्यान दिया गया। इससे 2021 में तालिबान के सत्ता में वापसी से पैदा जटिल राजनीतिक स्थिति के बावजूद उससे संवाद का भारत का व्यवहारिक दृष्टिकोण रेखांकित होता है। अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक रूप से जीवन्त तथा सांस्कृतिक व आर्थिक सहयोग से परिभाषित रहे हैं। लेकिन तालिबान की सत्ता में वापसी से द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हुए, हालांकि भारत ने मानवीय सहायता प्रदान कर सचेतन दृष्टिकोण बनाए रखा। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में क्षेत्र में पाकिस्तान की कार्रवाइयों तथा अफगानिस्तान में व्याप्त भयावह मानवीय संकट ने संबंधों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता उजागर की है। ये चर्चायें क्षेत्रीय तनावों व खासकर अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाईहमलों को देखते हुए प्रासंगिक हो जाती हैं जिनकी नई दिल्ली ने कठोर निन्दा की है। इस्लामाबाद को अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों के बीच इस साझा सरोकार ने भारतीय और अफगान हितों को एकसाथ ला दिया है तथा परस्पर सहयोग को बढ़ावा दिया है।

दुबई बैठक में व्यापक विषयों पर चर्चा हुई। भारत ने अफगानिस्तान की बहाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उसने स्वास्थ्यरक्षा, खाद्य सुरक्षा तथा आपदा राहत में समर्थन जारी रखने तथा पहले से जारी योगदान, जैसे 50,000 मीट्रिक टन गेंहू, चिकित्सा सप्लाई व वैक्सीनें बढ़ाने की बात कही।



इसके साथ ही दोनों पक्षों ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया जो व्यापार और मानवीय सप्लाई का प्रमुख रास्ता है। यह बंदरगाह पाकिस्तान को किनारे छोड़ कर अफगानिस्तान की विश्व बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करता है और युद्धग्रस्त देश की आर्थिक जीवनरेखा को स्थिर बनाता है। भारत ने विकास गतिविधियां बहाल करने की इच्छा प्रकट की जिसमें ढांचागत निर्माण तथा क्षमता-निर्माण परियोजनायें शामिल हैं। इससे संकेत मिलता है कि तालिबान प्रशासन की चुनौतियों के बावजूद भारत अफगानिस्तान के सामाजिक-आर्थिक ढांचे में योगदान का इच्छुक है। अफगान प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद तथा क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति भारत के सरोकारों को संबोधित करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। उसने कहा कि अफगानिस्तान भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए सुरक्षित स्वर्ग नहीं बनेगा। ये वार्तायें भारतीय दृष्टिकोण में परिवर्तन का संकेत हैं। इससे अन्य देश भी समान दृष्टिकोण अपनाने को प्रेरित हो सकते हैं और वे भी अफगान सरकार से संबंध बनाने की आवश्यकता को पहचान सकते हैं। लेकिन इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वास्तव में इस क्षेत्र में पाकिस्तान का प्रभाव बढ़ने से रोकने के लिए भारत-अफगानिस्तान संबंध मजबूत करना है। काबुल के साथ इस्लामाबाद के रिश्तों में तनाव हालिया हवाईहमलों के बाद और बढ़ गया है। यह नई दिल्ली को एक अवसर प्रदान करता है कि वह एक विश्वसनीय साझेदार की भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ सके। चाबहार बंदरगाह से व्यापार और विकास परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने व गति देने से अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होगा। इससे मध्य एशिया में भारत को रणनीतिक महत्व भी मिलेगा।

# ट्रंप सरकार से भारत के संबंध

ट्रंप द्वारा चीन से मुकाबले पर ध्यान केन्द्रित करने से भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंध मजबूत हो सकते हैं, पर उनके आक्रामक व्यवहार से चुनौतियां भी पैदा हो सकती हैं।



भोपिंदर सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



**डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगियों के प्रति भयावह तरीके से अपनी संप्रभु, गठबंधन व व्यक्तिगत जिम्मेदारियां छोड़ने की क्षमता प्रदर्शित की है। वे महत्वपूर्ण भू-रणनीतिक जिम्मेदारियों से भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी जल्दी से छोड़ सकते हैं जिसके उदाहरण अफ़गानिस्तान तथा वर्तमान समय में सीरिया हैं। वे बिना सोचे-विचारे अपने कंधे झटक कर कह सकते हैं कि 'यह हमारी समस्या नहीं' है। इस दृष्टिकोण से विभिन्न देशों के साथ उनके संबंध प्रभावित होंगे क्योंकि कोई भी ट्रंप से किसी सहायता की उम्मीद नहीं करेगा।**

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से भारत में उत्तेजना, आशंका तथा चिन्ता का भी माहौल है। जहां ट्रंप के आक्रामक व्यवहार से सभी परिचित हैं, वहीं अपने पिछले अनुभव के आधार पर वे बेहतर साबित हो सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं भी हो सकता है। हालांकि, भारत उनकी विदेश नीति में अत्यधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है, पर भारतीय प्रतिक्रिया और व्यवहार की परीक्षा के लिए कुछ मुद्दों से निपटना जरूरी होगा। वे चीन के प्रबंधन पर अत्यधिक केन्द्रित हैं और उससे मुकाबला करने के लिए भारत रणनीतिक 'धुरी' सिद्ध होगा। हालांकि, रूस और ईरान जैसे देशों के साथ नई दिल्ली के गहरे समीकरण उनको उत्तेजित और गुस्सा कर सकते हैं। ऐसे में काफी कुछ 'टीम ट्रंप' पर निर्भर करेगा जो 'मागा', यानी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के चुनावी वादे को पूरा करने में उनकी सहायता करेगी। लेकिन पहले कार्यकाल के उलट, जब उन्होंने ट्रंप प्रशासन में सम्मानजनक व पेशेवर लोगों की विरासत प्राप्त की थी, इस बार वे केवल ट्रंप के प्रति व्यक्तिगत 'निष्ठा' पर आधारित होंगे, हालांकि बाद में उन्होंने अपने अनेक सहयोगियों के लिए 'रिवाल्विंग डोर' जैसी नीति अपना ली थी। हाल की अनेक नियुक्तियों को देखते हुए यह चिन्ता और सरोकार पैदा होते हैं कि क्या मामला 'पहले की तरह' ही चलता रहेगा, जिसकी दिल्ली को आदत थी और वाशिंगटन में सरकार बदलने का कोई फर्क नहीं पड़ेगा। दुःख की बात है कि इस बार ट्रंप के पहले प्रशासन की तरह परिपक्व लोग टीम में शामिल नहीं होंगे जो ट्रंप को उनकी बचकानी और आक्रामक हरकतों से रोकने और सही दिशा देने में सहायक सिद्ध हो सकते थे। इस बार उनके साथ 'निष्ठावान' लोगों की भीड़ होगी जो ट्रंप के विचारों को और हवा देने में प्रतियोगिता करने लगेंगे, भले ही वे चाहे जैसे हों। ऐसे में देखना होगा कि चीन की चिन्ता करने वाले भारत, जापान या आस्ट्रेलिया जैसे देशों के प्रति ट्रंप की 'अ-हस्तक्षेपकारी' नीतियां क्या दिशा लेंगी, जबकि ये तीनों देश क्वाड का हिस्सा हैं। इसी कारण ये देश चीनी आक्रामकता और विस्तारवाद का सीधे मुकाबला करते हैं। क्या ट्रंप की अ-हस्तक्षेपकारी नीति से बीजिंग का दुःसाहस बढ़ जाएगा और वह ताइवान पर यह समझ कर हमला कर देगा कि बड़ी-बड़ी बातें करने के बावजूद वाशिंगटन इसमें सैनिक रूप से हस्तक्षेप नहीं करेगा? आंशिक रूप से अलग-थलग व पीड़ित यूक्रेन से उभरने वाली तस्वीर सुरक्षा के दृष्टिकोण से आश्वस्त नहीं करती है। ऐसे में अमेरिका द्वारा अपने 'सहयोगियों' पर दबाव डालने की संभावना दिखती है। उल्लेखनीय है कि 2020 की गर्मियों में जब चीनी आक्रामकता भारतीय सीमाओं पर दबाव डाल रही थी तब ट्रंप ने ज्यादा प्रभावी भूमिका निभाने के बजाय दोनों की बीच 'वार्ता कराने' का प्रस्ताव किया था।

हालांकि, अमेरिकनों ने दिल्ली को हथियारों का निर्यात बढ़ा दिया था, पर यह सब ट्रंप जैसे कट्टर बिजनेसमैन के लिए वाणिज्यिक हित का मामला अधिक था। ऐसे में भविष्य में ऐसी किसी आपातस्थिति से निपटने में ट्रंप के समर्थन का क्या अर्थ हो सकता है। इस समर्थन की विफलता पर गंभीरता से विचार की आवश्यकता है। द्विपक्षीय संबंधों में भी ट्रंप कैबिनेट के कारण तनावों की संभावना पैदा हो सकती है। ऐसे में राजनय के परंपरागत नियम लागू हो सकते हैं या नहीं? संभावना है कि भारतीय सब्सिडी के प्रति कुछ असहज करने वाली टिप्पणियां भी सामने आ सकती हैं। ऐसे में दिल्ली के समक्ष द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने वाले भारी दबाव को हल्का करने तथा विचार-विमर्श जारी रखने का दबाव बना रहेगा। भारतीय लोकतंत्र की अपनी गतिशीलता है और उसका दृष्टिकोण असहज करने वाली टिप्पणियां अस्वीकार करना है, फिर चाहे वह अमेरिका की ओर से ही क्यों न आ रही हों। इस बात से जटिलता और विरोधाभास बढ़ सकते हैं कि ट्रंप की नई कैबिनेट में अनेक लोग आक्रामक-हस्तक्षेपकारी हैं। इनमें विदेश सचिव मार्को रूबियो, संयुक्त राष्ट्र में राजदूत इलिसी स्टेफिंक, आदि शामिल हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रंप इन कट्टरपंथियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

यहां तक कि आप्रवास, व्यापार की शर्तों या पर्यावरण मुद्दों पर प्रतिबद्धता जैसे 'गैर-सुरक्षा' मुद्दों पर नई दिल्ली को नए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कारण बहुपक्षीय मंचों पर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धतायें प्रकट की हैं, जबकि ट्रंप इस मुद्दे पर केवल लफ्फाजी भरी बातें ही करते रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संकट तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी चिन्ताओं को खारिज करते हुए यहां तक कह दिया था कि 'मैं इस हरित घोटाले को खारिज कर दूंगा।' हालांकि, आप्रवास संबंधी मुद्दे में भारत सर्वोच्च स्थान पर नहीं है, पर समय बीतने के बाद ही पता चलेगा कि 'भारतीय हमारे रोजगार छीन रहे हैं' जैसे बयानों का क्या प्रभाव पड़ेगा। ट्रंप एक अत्यधिक लोकरंजक नेता हैं जो अपनी इच्छाओं को किसी सीमा तक भी आगे बढ़ाना चाहेंगे, ऐसे में देखना होगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ उनके द्विपक्षीय संबंध कैसे रहेंगे। दूसरे देशों से संबंधों की तुलना में इसका महत्व अधिक होगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगियों के प्रति भयावह तरीके से अपनी संप्रभु, गठबंधन व व्यक्तिगत जिम्मेदारियां छोड़ने की क्षमता प्रदर्शित की है। वे महत्वपूर्ण भू-रणनीतिक जिम्मेदारियों से भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी जल्दी से छोड़ सकते हैं जिसके उदाहरण अफगानिस्तान तथा वर्तमान समय में सीरिया हैं। वे बिना सोचे-विचारे अपने कंधे झटक कर कह सकते हैं कि 'यह हमारी समस्या नहीं' है। इस दृष्टिकोण से विभिन्न देशों के साथ उनके संबंध प्रभावित होंगे क्योंकि कोई भी ट्रंप से किसी सहायता की उम्मीद नहीं करेगा। पहचान की ध्रुवीकरण वाली राजनीति तथा बेंजामिन नेतनयाहू जैसे लोगों का आंख बंद कर समर्थन करने के कारण व्हाइट हाउस से निकलने वाला संदेश भारत जैसे विविधतापूर्ण तथा समावेशी दृष्टिकोण अपनाने वाले देशों के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा सकता है। निर्वाचित राष्ट्रपति द्वारा मैक्सिको के साथ सीमायें बंद करने तथा अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े अवैध आप्रवासी निष्कासन अभियान के वादे के कारण अमेरिका में भी उथलपुथल वाली स्थिति पैदा हो सकती है। ये वादे डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव में विजय के बाद कुछ ही घंटों के भीतर किए हैं। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप की ज्यादातर लफ्फाजी करनी के बजाय कथनी होती है, पर भारत को एक सीमा के बाद उनकी उकसावे भरी बातों तथा अराजक व्यवहार से परेशानी हो सकती है।

# दान-धर्म का पाठ पढ़ाता : छत्तीसगढ़ का महापर्व छेरछेरा



विजय मिश्रा 'अमित'
वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी अग्रोहा कॉलोनी रायपुर

**मानव** समुदाय में जिंदगी को सरस बनाने के लिए पर्वो-त्योहारों का अनादि काल से प्रचलन है। छत्तीसगढ़ में भी ऐसे अनेक पर्व हैं, इसलिए छत्तीसगढ़ को पर्वो का गढ़ भी कहा जाता है। यहां का एक महापर्व है छेरछेरा। छेरछेरा पर्व को पौष माह की पूर्णिमा के दिन (इस वर्ष 13 जनवरी) धूमधाम से मनाया जाता है। इस समय तक धान की नई फसल कटकर किसानों की कोठी में भर चुकी होती है। जिसका दान वे छेरछेरा पर्व में करते हैं।

छेरछेरा पर्व बालपन से बच्चों के हृदय में दया-प्रेम, दान-पुण्य का बीज बोता है। इस पर्व में अकेले नहीं बल्कि टोली बनाकर घर घर जाकर दान मांगते हैं। टोली के सदस्य छेरिक छेरा छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा। अरन बरन कोदो दरन जभे देबे तभे टरन की टेर लगाते हाथ में टोकनी लिए गांव भर दान मांगते घुमते हैं। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें द्वार पर आए मांगने वाले को दुत्कारा नहीं जाता बल्कि साधु संत की तरह, गृह लक्ष्मी को समृद्धि देने वाली शाकंभरी देवी माना जाता है।

छत्तीसगढ़ में इस महापर्व पर शासकीय अवकाश देने की पहल वर्ष 2022 में हुई थी। इस निर्णय से नई पीढ़ी सहित समाज के ऐसे बड़े वर्ग को जो कि अपने रीति-रिवाजों से दूर होते जा रहे हैं उन्हें अपनी संस्कृति-संस्कार और परंपराओं को जानने का उम्दा अवसर मिलने लगा है। यह सर्व विदित है कि संस्कृति संस्कारों से दूर होना किसी एक परिवार, व्यक्ति का ही नहीं बल्कि समूचे मानव समुदाय, देशऔर प्रदेश के लिए नुकसानदायक है। इस बात को यूं कहा जा सकता है कि- जिस गांव में पानी नहीं गिरता, वहां की फसलें खराब हो जाती हैं, और जहां परंपराओं का मान नहीं होता, वहां हो जाती है।

छेरछेरा का महापर्व अहंकार को त्याग कर दान देने और मांगने की सीख भी देता है। इस दिन अनेक युवाओं की टोली हाथ में डंडा लिए उसे आपस में टकराते 'डंडा नृत्य' करते छेरछेरा मांगती है। यह पर्व हमारे वेद पुराण में लिखें इस बात का भी स्मरण कराता है कि धन-दौलत की तीन गति होती दान- भोग और नाश । जिसमें धन दान को सबसे सर्वश्रेष्ठ गति का दर्जा प्राप्त है। इसी गति और दान की महिमा का बखान करते हुए छेरछेरा के पर्व पर कहा जाता है भीख लेकर भीख देंगे तो जग को जीत लेगें। छेरछेरा पर्व मनाने के पीछे एक बड़ी पुरानी कथा है- कौशल - राज (प्राचीन छत्तीसगढ़) के महाराजा कल्यान साय युद्ध कला सीखने के लिए जहांगीर राजा के राज में गए हुए थे। आठ वर्षो तक युद्ध कला की बारीकियों में दक्ष होने के उपरांत जब वे अपने राज रतनपुर लौटे तो उनके लौटने की खुशी में प्रजा जनों ने नाचते गाते उनका स्वागत किया। ऐसे समय में उनकी महारानी फूलकइना ने प्रजा जनों के बीच सोना चांदी, रुपया पैसा, अनाज का दान दिया। तब महाराजा ने घोषणा कर दी कि आने वाले समय में प्रतिवर्ष आज के दिन को पर्व की तरह मनाया जाएगा और मिलजुल कर दान भी दिया जायेगा।



छेरछेरा पर्व के दिन एक और अजीब सी परंपरा गांव-खेड़े मजरा-टोला में देखने सुनने को मिलती है। इस दिन ऐसे बच्चों को जो कि तोतले लड़ाकू प्रवृत्ति के होते हैं, उन्हें जंगली पेड़ 'कर्रा' की डगाली को आग में तपा कर आंकने की प्रथा प्रचलित है। यह कितना असरकारी है इसे प्रत्यक्ष देखे बिना कहना कठिन है, किंतु ऐसी मान्यताएं इस बात को जरूर उजागर करती है, कि प्रकृति से जुड़कर ही इंसान अपनी संस्कृति को संरक्षित रख सकता है।

विदित हो कि छेरछेरा पर्व में मिले दान को एकत्रित करके अनेक ग्रामीण अंचलों में विकास के कार्यों में लगाया जाता है। ऐसे महापर्व पर संकल्प लें की छेरछेरा में दिल खोल कर दान करेंगे।समय बदलने के साथ-साथ मनुष्य की सोच उसकी दशा और दिशा भी बदलती जाती है। इसे देखते हुए नई पीढ़ी के युवाओं को छेरछेरा पर्व पर दान देने की प्रथा को नए स्वरूप में देखना होगा। नई पीढ़ी के युवा साथी छेरछेरा पर्व के दिन रक्तदान करके अभिनव पहल कर सकते हैं।

सभी इस बात से अवगत है कि मानव शरीर के अलावा खेत-खलिहान अथवा कल-कारखानों में रक्त उत्पादित नहीं होता, अतः जरूरतमंद मानव शरीर को आवश्यकता अनुरूप रक्त की प्राप्ति हो सके इस हेतु छेरछेरा के दिन रक्तदान देना महापर्व पर एक महान कार्य करने जैसा सराहनीय कदम होगा।अंत में विद्वान विंस्टन चर्चिल के इस कथन का उल्लेख करना होगा कि- हमें जो मिलता है उससे हम अपना जीवन चलाते हैं, लेकिन जब हम किसी को कोई चीज दान में देते हैं तो उससे उसका जीवन बनाते हैं।

छत्तीसगढ़ का जनहितैषी पर्व छेरछेरा भारत भर में छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाता है।अंत में इस पर्व को यूं भी परिभाषित कर सकते हैं- छेरछेरा हरता है सबकी पीरा।

## आप की बात

### इलेक्ट्रिक वाहनों पर नीति

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक व्हीकल पर पॉलिसी तैयार करने की खबर स्वागत योग्य है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बढ़ाया गया है। हाल के दिनों में, इलेक्ट्रिक व्हीकल में आग लगने और उससे जनधन हानि होने के समाचार आए थे। यह एक गंभीर समस्या है जिसे हल करने के लिए सरकार को कदम उठाने होंगे। इस समस्या का समाधान करने के लिए, सरकार को इलेक्ट्रिक व्हीकल की सुरक्षा के लिए कड़े मानक तैयार करने होंगे। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माताओं को भी अपने उत्पादों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। प्रदूषण बचाने के कार्य में इलेक्ट्रिकल व्हीकल महत्वपूर्ण हैं और जनता में भी नौकरी हो रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की जा रही पॉलिसी में निम्नलिखित बातों पर विचार किया जाना चाहिए। पॉलिसी में इलेक्ट्रिक व्हीकल की सुरक्षा के लिए कड़े मानक तैयार किए जाने चाहिए। पॉलिसी में इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माताओं को अपने उत्पादों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पॉलिसी में उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल की सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए प्रावधान किए जाने चाहिए। पॉलिसी में दुर्घटना की स्थिति में कार्रवाई के लिए प्रावधान किए जाने चाहिए।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### ई-कॉमर्स बनाम पारंपरिक दुकानें

भारत में पारंपरिक किराना दुकानें समाज की रीढ़ मानी जाती रही हैं। ये दुकानें न केवल रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति करती थीं, बल्कि स्थानीय समुदायों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी भी थीं। ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बने आत्मीय संबंध इनका विशेष पहलू थे। लेकिन, डिजिटल युग की तेजी, ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों की बढ़ती लोकप्रियता और बड़े रिटेल चेन के उभार ने पारंपरिक दुकानों के अस्तित्व को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। 2015 से 2023 के बीच किराना दुकानों की संख्या में 15-20% की गिरावट दर्ज की गई है। फ्लिपकार्ट, अमेज़न, बिगबास्केट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को उनकी सुविधा के अनुसार उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में यह बदलाव अधिक स्पष्ट है, परंतु इसकी छाया अब ग्रामीण इलाकों में भी पड़ने लगी है। ई-कॉमर्स और बड़े रिटेल चेन के साथ प्रतिस्पर्धा, महंगाई, थोक कीमतों में बढ़ोतरी, और डिजिटल तकनीक की कमी छोटे दुकानदारों के लिए मुख्य चुनौतियाँ हैं। समाधान के लिए छोटे दुकानदारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटिंग के उपयोग हेतु प्रशिक्षित करना आवश्यक है। सरकार को भी विशेष योजनाओं और सस्ती ऋण योजनाओं के माध्यम से सहयोग करना चाहिए। पारंपरिक दुकानों का अस्तित्व केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक महत्व भी रखता है।

-प्रो. आरके जैन अरिजीत, बड़वानी

### सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

रतलाम का एक समाचार दिल दहला गया कि जिसमें एक बैटरी से चलने वाली गाड़ी में उसे चार्ज करते समय उसमें विस्फोट हो गया तथा एक बच्ची के मृत होने एवं कुछ लोगों के घायल होने का समाचार पढ़ा। तब इस प्रकार बैट्री से चलने वाले वाहनों के प्रति मन में काफी शंका भर गई। कारण इन दिनों जिस तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है तब उससे तो यही लगता है कि यह एक सहूलित वाली गाड़ी है परंतु जिस तरह से इसमें चार्ज करते समय विस्फोट हुआ तब इन वाहनों के प्रति मन में काफी डर भी बैठ गया। कारण इन्हें कितने समय तक लगातार चार्ज करना है इसकी जानकारी रखना बेहद जरूरी है। अगर कोई रात के समय इसे चार्ज कर रहा है उसको चार्जिंग समय ध्यान में रखना बेहद जरूरी है, वरना लगता तो यही है कि इसे लगातार चार्ज पर लगाकर असावधानी बरतना तो मौत को दावत देना है। अतः इसके चार्ज करने के घंटे दिमाग में रखकर चार्ज करना बेहद जरूरी है वरना सावधानी हटी के दुर्घटना घटी। फिर हमें तो यही चाहते हैं कि इसके पूर्ण चार्ज होने पर इसमें अलार्म बजने का सिस्टम लगाना बेहद जरूरी है ताकि समय पर इसका बटन बंद किया जा सके। जिस तरह उपर पानी की टंकी में पानी भरने पर वहां अलार्म से सूचना मिलती है कि पानी की टंकी भर गई है, मोटर बंद कर दें इसी तरह का सिस्टम यहां भी जरूरी है।

-एमएम राजावत राज, शाजापुर

### अप्रिय घटना

तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में वैकुंठद्वार दर्शन टिकट काउंटर पर टोकन वितरण के समय भगदड़ मच गई। इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 150 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। काउंटर के पास 4,000 से अधिक श्रद्धालु लाइन में खड़े थे। जैसे ही श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टी पार्क में कतार लगाने को कहा गया, सभी पहले स्थान पाने की होड़ में जुट गए, जिससे भगदड़ मच गई। इस अफरातफरी में श्रद्धालु एक-दूसरे पर गिरने लगे और चारों ओर हड़कंप मच गया। भारी भीड़ के बीच कई लोगों का दम घुटने लगा। तिरुपति बालाजी मंदिर अपनी अनुशासित व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध है। ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ देने और एक ही समय में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए किए गए प्रबंधों के कारण इसे एक आदर्श मंदिर प्रबंधन के रूप में जाना जाता है। लेकिन इस घटना के दौरान अचानक भीड़ प्रबंधन में विफलता चिंता का विषय है। वैकुंठ एकादशी के अवसर पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 1.2 लाख मुफ्त टिकट बांटने की घोषणा की थी -रत्नप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# खपरी में तीन दिवसीय किसान सम्मेलन का हुआ भव्य शुभारंभ

## छत्तीसगढ़ सब्जी और फलों का बनेगा कटोरा केन्द्रीय कृषि मंत्री : शिवराज सिंह चौहान

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री चौहान कुम्हारी के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा 41 लाख की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया, साथ ही 13 जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से 3100 रूपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले वर्ष 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी, इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है। किसान सम्मेलन को छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान काफी मेहनती है और नई-नई कृषि तकनीकों को अपनाकर सशक्त और समृद्ध हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को फसलों की अच्छी कीमत दिलाने तथा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। किसान सम्मेलन का आयोजन उद्यानिकी विभाग के सहयोग से छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक देवजी पटेल, विमल चोपड़ा, युवा प्रगतिशील किसान संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र लोहान, सचिव भूपेंद्र दुबे एवं कोषाध्यक्ष संजय गोहिल सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# संविधान जागरूकता दिवस पर कस्तूरबा विद्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय संविधान को लागू हुए 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बेमेतरा में संविधान जागरूकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ हेड कांस्टेबल वर्षा चौबे और डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू थे। विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ से हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर बालिकाओं ने संविधान जागरूकता से संबंधित नाटक व भाषण, गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय की शाला नायिका चांदनी ने प्रभावशाली भाषण देकर संविधान के महत्व को उजागर किया। डाइट बेमेतरा के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू ने संविधान के निर्माण और इसे लागू करने में डॉ भीमराव अंबेडकर और उनके सहयोगियों के भूमिका व योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान, दुनियां का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसे 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था. भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और उनके महत्व को समझाते हुए इसे जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, संविधान के बिना हम कई समस्याओं का सामना कर सकते थे। यह हमारी स्वतंत्रता और अधिकारों का मूल आधार है। हेड कांस्टेबल वर्षा चौबे ने छात्राओं को नो, गो, टेल की अवधारणा समझाते हुए बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति का कैसे सामना किया जाए। उन्होंने बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर जागरूक किया और आत्मरक्षा के उपाय बताए। उन्होंने यह भी कहा, संविधान का ज्ञान तभी सार्थक है जब हम इसे अपने जीवन में अमल करें। कानून की जानकारी और उसका सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। वर्षा चौबे ने छात्राओं को अपना मोबाइल नंबर देकर यह विश्वास दिलाया कि किसी भी समस्या के समय वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस कार्यक्रम में सहायक अधीक्षिका ममता गुरुपंच, राज किरण मिश्रा, शिखा चौबे, ज्योति चंद्राकर, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, सावित्री यादव, दीप्ति नवरंगे और होमगार्ड अंजू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षिका भारती धृतलहरे ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी तरह का सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# गुरुर विकासखंड के पर्यटन स्थल ओनाकोना में चलाया गयास्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के गुरुर विकासखंड के पर्यटन स्थल ओनाकोना में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, गुरुर एसडीएम प्राची ठाकुर, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद सीईओ उमेश रात्रे सहित अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छाग्राही महिलाओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ओनाकोना में पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 11 जनवरी को स्वच्छता अभियान का आयोजन सफलतापूर्वक संपादित किया गया। इसके तहत सड़कों, परिसर व जलाशय के समीप सफाई किया गया। ओनाकोना में विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखे गए तथा पार्किंग, शौचालय और डस्टबिन का संकेतक भी लगाया गया। ओनाकोना में 13 जनवरी को नाइट कैम्पेग्न और बोनफायर तथा 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बीच वॉलीबॉल मैच, रस्सी खींचो प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, अंतर विभागीय पतंग प्रतियोगिता, नौका प्रतियोगिता और नौका पेंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि कैंपफायर का आयोजन किया जाएगा।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वच्छता के लिए किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्य पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर शहर में प्रतिदिन साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वहीं निर्माण कार्य का निरीक्षण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दे रहे है। इसी कड़ी में उन्होंने वार्ड क्र.4, 6 एवं 7 नगर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्राकर ने सुबह नगर में साफ सफाई देख क्षेत्र के नागरिकों से आसपास की सफाई के संबंध में संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि अपने घर के आस पास साफ सफाई रखें, झिल्ली पन्नी का उपयोग न करें, कचरा डोर टू डोर कचरा गाडी में डालें।

### सफाई में सुधार हेतु संबंधितों को दिये निर्देश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर की सड़कों व गलियों को देख स्वास्थ्य अमला से कहा कि प्रतिदिन निर्धारित समय में उपस्थित होकर सफाई करना सुनिश्चित करें, नियमित रूप से कचरा उठावें तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग करने वाले, कचरा नाली व घर के आस पास डालने पर तथा मलमा सड़क में फैलाने पर अर्थ दण्ड लगावें। उन्होंने उपस्थिति पंजी की जॉच कर कर्मचारियों की उपस्थिति देख भौतिक सत्यापन करने स्वच्छता निरीक्षक विशाल साहू को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण व जानकारी दिये बिना अनुपस्थित नही रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्राकर द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत डब्लूटीपी में चल रहे कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि कार्य जल्द पूर्ण किया जाये ताकि क्षेत्र के नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने प्रतिदिन निर्माण कार्य की मानिटरिंग कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस अवधि में हरिकिशन पांवरिया एवं पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर पालिका अधिकारी ने किया वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण

**दल्लीराजहरा।** सवेरे वार्ड भ्रमण कर साफ सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के अनुक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी द्वारा वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि की बातों को सम्मान देते हुए एवं वार्ड वासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के पश्चात वार्ड क्रमांक 15 पेयजल के लिए पाइपलाइन मरम्मत किया जाना है एवं नाली की सफाई का कार्य करवा कर समस्या का तुरंत निदान किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी ने उप अभियंता एवं जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को शहर के विकास एवं जन सुविधा विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा के निर्देश दिए। वार्ड भ्रमण के समय उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, नल जल एवं सफाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



# कोटगाव धमतरी की मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिष्या दीदी मां मंदाकिनी राम किंकर के द्वारा मानस पीयूष वर्षण व अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। श्री राम सेवा सत्संग समिति पीपरभट्ठा ग्राम वासी के सहयोग से जगद गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य महराज हरि धाम पीठ गोपाल मंदिर राम घाट अयोध्या, विधायक दीपेश साहू पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल दीपक गुहा देवलाल सिन्हा जगजीत सिंह विजय सिन्हा के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। स्वामी ने कहा कि मानस के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण ही यज्ञ को सफल बनाता है तीन दिवसीय मानस महाकुंभ में छ.ग. की भाग्यशाली मानस मंडलियो ने शिरकत किया, जिसमें प्रथम स्थान राम सिया मानस मंडली कोटगाव धमतरी को प्राप्त हुआ पुरस्कार के क्रम में द्वितीय श्री हरि ओम मानस मंडली धर्मी बालोद तृतीय जय बजरंग मानस मंडली देवारभाट चतुर्थ श्री शिव सुमन मानस मंडली भीरई पंचम श्री शिव सुमन मानस मंडली बोरझरा छठवां श्री गुरुकृपा मानस मंडली बेलमांड सप्तम दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी आठवां रघुवर मानस मंडली चर्रा नवम प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खाम्ही बेमेतरा दसवा श्री राम मानस मंडली मोतीपुर को प्राप्त हुआ। विशेष हारमोनियम मानस परिवार तरसिवा व्याख्या सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली घटियाखुर्द तबला प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा वही श्रेष्ठ श्रोता में रति राम यदु को सम्मानित किया गया। मां भद्रकाली जिला मानस संघ एवं मानस दर्शन जीवन अर्पण छ ग जो नित नए आयाम छ.ग. में गढ़ रहे है, उन्हें इस आयोजन में आशीर्वादक के रूप में सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में दीपक गुहा संस्थापक जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा शिव साहू पार्षद डॉ. ओंकार चंद्राकर राजकुमार ताम्रकार माखन साहू महेश साहू ओम यदु सुरेन्द्र देवदास पोषण सिन्हा नरेंद्र जयसवाल पूर्व तहसील दार नवागढ़ उत्तम साहू भरत साहू कल्याणी सेन पप्पू सेन हेमराज भार्गव ब्रिजमोहन सिन्हा सहित समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में पीपरभट्ठा में बिहारी यादव विष्णु साहू लखन वर्मा लक्ष्मण चौहान थलेश्वर साहू टीकाराम साहू रमेश साहू मनोहर यदु कपिल वर्मा छगन साहू अंशु साउंड गजेंद्र वर्मा धनेश वर्मा तह अध्यक्ष महेश साहू भरत साहू अर्जुन साहू लता साहू सहित समस्त ग्राम वासी पिपरभट्ठा का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन संतोष साहू उत्तम साहू लखन वर्मा ने किया। अंत में मंच संयोजक विष्णु साहू छगन साहू ने सभी का आभार प्रकट किया।

# कृष्णा साहू को पुन: बनाया गया बालोद चाइल्ड वेल फेयर कमेटी का अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किशोर न्याय अधिनियम (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा से प्रदेश के सभी जिलों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। इसी कड़ी में दल्लीराजहरा के कृष्णा साहू को पुनः बालोद चाइल्ड वेल फेयर कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ ही पीठ में चार सदस्यों यशोदा साहू, दुखिया निषाद, चन्द्रहास साहू की भी नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही किशोर न्याय बोर्ड में भी दो सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में गायत्री साहू और मनीषा यादव की भी नियुक्ति की गई है। जवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के अनुसार बाल कल्याण समिति में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठ की शक्तियां निहित होती है, जहाँ 18 वर्ष के कम उम्र के नाबालिग देख रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों का उपचार विकास और पुनर्वास किया जाता है। जिला बाल कल्याण समिति का एक कार्यालय होता है जहाँ ऐसे बालक बालिकाओं को प्रस्तुत किया जाता है। पीठ के समक्ष आने वाले बच्चों को सर्व प्रथम समिति द्वारा समुचित जाँच के पश्चात् देख रेख और संरक्षण की जरुरत मंद घोषित करती है उसके पश्चात् आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही करती है साथ ही समिति लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पाक्सो एक्ट) के तहत पीड़ित बालिकाओं के पहचान की गोपनीयता को बनाये रखते हुए देखरेख, संरक्षण, उपचार, विकास और पुनर्वास का कार्य करती है।

### किस प्रकार के बालको को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है

बालको का अभिप्राय निश्चित निवास स्थान और जीवन निर्वाह के साधनों का अभाव हो, श्रम कानून का उल्लंघन या भिक्षा वृत्ति में संलिप्त हो, जिसके साथ रहता है वो व्यक्ति बाल अपराधों में संलिप्त हो या उससे उक्त बालक को शोषण, दुर्व्यवहार, मृत्यु का खतरा हो, शारीरिक मानसिक या असाध्य रोग से पीड़ित जिसकी सहायता करने हेतु कोई नही है या असमर्थ है, जिसका परित्याग या अभ्यर्पण किया गया हो, गुमशुदा या भागा हुआ बालक, लैंगिक दुर्व्यवहार या शोषण से पीड़ित या सम्भावना वाले बालक, मादक द्रव्य और अवैध व्यापार मे संलिप्त बालक, प्राकृतिक आपदा या सशस्त्र संघर्ष से पीड़ित या प्रभावित बालक, बाल विवाह किये जाने की सम्भावना वाले बालक।

### समिति के समक्ष ऐसे बच्चों को कौन प्रस्तुत कर सकता है

किसी पुलिस अधिकारी या बाल कल्याण समिति के अधीन किसी अधिकारी द्वारा, किसी लोक सेवक द्वारा, राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा या किसी गैर सरकारी संगठन द्वारा, बालक कल्याण अधिकारी या परिविक्षा अधिकारी द्वारा, किसी सामाजिक कार्यकर्ता या लोक भावना से युक्त नागरिक द्वारा, स्वयं बालक द्वारा, किसी नर्स, डॉक्टर, परिचर्या गृह, अस्पताल या प्रसूति गृह के प्रबंध तंत्र द्वारा।

## गणित, विज्ञान व कला प्रर्दशनी का भव्य आयोजन के साथ संस्कृतिक कार्यक्रम

# डीएवी जाँता में गणित, विज्ञान व कला प्रर्दशनी का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




डीएवी स्कूल जांता में नई परख कार्यक्रम में बेमेतरा जिला से रनबीर शर्मा जिलाधीश मुख्यअतिथि व कमलकपुर बंजारे जिला शिक्षा अधिकारी विशिष्ट अतिथि, अरुण कुमार खरे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही अन्य अतिथि में गजानंद ठाकुर एबीओ, राजेंद्र साहु, बीआरसीसी, दिनेश शर्मा जिला क्रीडा प्रभारी, भूपेंद्र सेंगर विकास खण्ड क्रीड़ा प्रभारी, जितेंद्र कुमार साहू संकुल समन्यक व हेम लाल चंद्राकर ग्राम जांता सरपंच गणित, कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणबीर शर्मा कलेक्टर बेमेतरा द्वारा सर्वप्रथम मां छत्तीसगढ़ महतारी, माँ सरस्वती व के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किए तत्पश्चात, गणित, विज्ञान व कला प्रर्दशनी का फीता काट कर शुभारंभ किए। गणित व साइंस एग्जीबिशन के साथ- साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन हुआ जिसमें आसपास के गवर्नमेंट स्कूल जांता, ओड़िया, अगरी, दाढ़ी व बेमेतरा विद्यार्थियों के साथ-साथ लगभग एक हजार से ऊपर लोगों ने आज के विभन्न प्रदर्शनी व संस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें साइंस, मैथ नाटक व लोकनृत्य, पारंपरिक नृत्य संगीत का लुप्त उठाए। कलेक्टर जिला शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड अधिकारी व अतिथियों ने बाल प्रतिभाओं को देखते हुए सभी लगभग सात सौ छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों को सराहना किए। आगे कहा कि ग्रामीण अंचल में बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को डीएवी स्कूल आगे बढ़ा रहे हैं, साथ ही डी ए वी के बच्चे को प्रतिभा के धनी होने के साथ सर्वांगीण विकास हो रहे यह क्षेत्र व जिला के लिए अच्छी बात हैं एवं अन्य अथितियों ने भी विद्यार्थियों के प्रतिभा को विशेष सराहना किए। साथ ही शिक्षा विभाग से आए हुए अतिथियो व सभी परख कर्ताओ ने प्रत्येक मॉडल व प्रर्दशनी बनाए छात्रों से रूबरू हुए, साथ ही सभी प्रर्दशनी के सराहना भी किए। नई परख को एक थीम के भी सराहना किए। विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि शालेय परिवार कार्यक्रम का थीम नई परख था जिसमें 'गणित', साइंस हुमानीटीस एग्जीविशन व हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजिक विज्ञान, वाणिज्य, संगीत कंप्यूटर,योग खेल आदि सभी विषयों का प्रदर्शनी लगाया गया था। बच्चों ने केवल 2 दिन की ही तैयारी में भाग लेकर सबका मनमोहन लिया, विशेष कर जिलाधीश बेमेतरा ने छात्र-छात्रों के अनेकों मॉडल प्रस्तुत किए थे। उनके सराहना किए व सभी को बधाई एवं शुभकामना दिए हैं जायसवाल ने आगे उद्बोधन में कहा- गणित, विज्ञान व कला का मुख्य उद्देश्यो के साथ गणित व विज्ञान के महत्व को अवगत कराना है। यह हमारे दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करता है या हमारे दैनिक जीवन में कैसे मवजूद है। यह युवा मन को विषय में सक्रिय रुचि लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। वही राष्ट्रीय स्तर (नेशनल) कबडडी खेल बालक, अंडर 14 के सभी 12 विजयी छात्र -छात्रो, व यंग सार्यटिस्ट इंडिया नेशनल में शामिल सभी 25 छात्र छात्राओं को व नासों ओलम्पयाड में गोल्ड मेडलिस्ट सभी 17 बच्चों को कलेक्टर बेमेतरा ने अपने कर कमलों से मैडल व सर्टिफिकेट देकर पुरुस्कृत किए। दो दिवसीय गणित, विज्ञान व कला प्रर्दशनी के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा व समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल शामिल हुए। कार्यक्रम को अतिथियो, शिक्षकों, विद्यार्थियो, पालकगण सहित कार्यक्रम का समापन वैदिक शांति पाठ से किया गया।संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल व शिक्षक ललित देवागन, अखिलेश पटेल, अनिल कुमार, गोविंद साहू, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, राजा तनतुवे, छोटू राम साहू, रेणुका पटेल, रितिका साहू, दीपिका वर्मा, देवीका जैन नम्रता चतुर्वेदी, अभिषेक दुबे, मधु स्मिता बेहरा, कुसुम साहू, विमल साहू सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, रूखमणी, राजेश्वरी, नरेश साहू, युवराज चंद्राकर आदि सभी ने सफल आयोजन हेतु भूमिका निभाई।

# राखी स्कूल में भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ का आयोजन



## बच्चों को मोबाइल से होने वाले अपराध के प्रति सचेत किया गया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला राखी विकासखण्ड साजा में भारतीय संविधान की 75 वीं वर्ष गांठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवकर नगर के प्रतिष्ठित, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी दिनेश साहू को आमंत्रित किये थे। जिनका स्वागत दोनों संस्था की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी और दीपा मृचंडे द्वारा बच्चों के द्वारा बनाये बुके से किया गया। उसके बाद संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जी के तैल चित्र का गुलाल और पुष्प से पूजन किया गया। दिनेश साहू वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी के द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के निर्माण और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद भी दिये। बच्चों को मोबाइल से होने वाली क्राइम हेतु भी जागरूक किये। साथ ही बच्चों सुधा, निशा और सुनील कक्षा 8 वीं के द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से निबंध लेखन कर उसका वाचन किया गया जो सराहनीय रहा। अंत में शाला की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में संस्था के सभी शिक्षिकाओं की सहभागिता रही।

# एसीबी द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





एसीबी इकाई बिलासपुर को मुंगेली जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदमपुर के प्राचार्य मालिक राम मेहर को 8000 रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता हासिल हुई और साथ में रिश्वत की मांग में शामिल बाबू सहायक ग्रेड 3 हनी शर्मा को भी एसीबी द्वारा पकड़ा गया हैं। घटना का विवरण इस प्रकार है कि 7 जनवरी 2025 को ऋषभ अपार्टमेंट जबड़ा पारा सरकंडा निवासी ईश्वर लाल भारती द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि वह 31.07.24 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति शासकीय मिडिल स्कूल जरहागांव जिला मुंगेली से लिए थे, उनका जीपीएफ,पेंशन व ग्रेच्यूटी राशि का बिल निकालने के एवज में डीडीओ सह प्राचार्य मालिक राम मेहर और बाबू हनी शर्मा उससे 30000 रुपए की मांग कर रहे हैं जिसमें वह 20000 रुपए दे चुका है और शेष 10000 रुपए को वह रिश्वत के रूप में नहीं देना चाहता था बल्कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ उनको पकड़वाना चाहता है जिस पर शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर शिकायत कर्ता की शिकायत सही पाई गई तथा रिश्वत में 10000 रुपए के स्थान पर 8000 रुपए लेने हेतु सहमति आरोपीगण द्वारा दी गई थी।

रिश्वत में मांगी गई रकम को देने लिए कार्ययोजना के तहत प्रार्थी को आरोपी प्राचार्य के घर भेजा गया जहां प्रार्थी से रिश्वत राशि 8000 रुपए लेने पर आरोपी मेहर को और रिश्वत मांग में लिप्त बाबू हनी शर्मा को बिलासपुर एसीबी की टीम के द्वारा उनके घर पर पकड़ लिया गया। अचानक हुई इस कार्यवाही से आसपास में हड़कंप मच गया। पकड़े गए आरोपी मालिकराम मेहर से रिश्वत की रकम बरामद की गई, एसीबी के द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही हैं तथा कार्यवाही उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

> इस पुरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा इस मामले कि मुझे आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। मामले पर संज्ञान लिया जायेगा ।
> **सी के धृतलहरे जिला शिक्षा अधिकारी**

## नगर पंचायत अड़भार में देवांगन समाज का भवन बनकर हुआ तैयार

**सक्ती**। नवगठित शक्ति जिले की नगर पंचायत अड़भार में देवांगन समाज की मांग पर चंद्रपुर के विधायक के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से नगर पंचायत द्वारा करीब 20 लाख रुपए की लागत से विगत वर्ष सामाजिक भवन



निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था तथा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय एवं उप यांत्रिक मुजफ्फर हुसैन की सक्रियता के चलते समय अवधि में उपरोक्त भवन बनकर तैयार हो चुका है तथा अति शीघ्र उपरोक्त देवांगन समाज का भवन समाज को लोकार्पित किया जाएगा, सामाजिक भवन बनने से जहां शहर के देवांगन समाज में भी उत्साह देखा जा रहा है, तो वहीं अड़भार शहर में ऐसे बड़े सामाजिक भवनो के निर्माण से आए दिन विभिन्न प्रकार के सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिए भी लोगों को व्यवस्थित रूप से भवन की कमी पूरी होगी तथा लोगों को ऐसे सामाजिक भावनाओं से बेहतर सुविधाएं भी मिल सकेगी,तथा इस सामाजिक भवन निर्माण में जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपना अमूल्य सहयोग देकर इसे पूर्ण कराने में योगदान दिया।

# विश्व हिंदी दिवस पर शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में हुए आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




विश्व हिंदी दिवस-हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार प्रसार के लिए महाविद्यालय में आयोजित किया गया। शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में हिंदी विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।इस साल का थीम ÷एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज पर आधारित था। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रो महेंद्र यादव ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात समस्त प्राध्यापकगण का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो डॉ टी पी टंडन और प्रो संतोष जांगड़े द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की बधाई दिए।प्रो डॉ टी पी टंडन ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस सर्वप्रथम 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार करना है। प्रो संतोष जांगड़े ने हिंदी भाषा के महत्व और वैश्विक स्तर पर वर्तमान में स्थिति पर प्रकाश डाला। प्रो डॉ ज्योति कुशवाहा ने भी हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में प्रमुख साहित्यकार के साहित्य और पत्र पत्रिकाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी से अपील करते हुए कहा कि हिंदी हमारी अमूल्य धरोहर है इनके उत्थान और विकास के लिए हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डी पी पाटले प्रो डॉ शकुंतला राज प्रो एस अनंत प्रो अजय देवांगन प्रो ललित सिंह प्रो हेमपुष्पा चंद्रा प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) प्रो ऋतु पटेल प्रो सीमा साहू प्रो डॉ हरिशंकर रजक प्रो महेंद्र यादव प्रो यज्ञ राठिया प्रो पल्लवी प्रधान प्रो अनिल खर्रा प्रो जी एस मैत्री प्रो विद्या सागर राय प्रो डॉ श्रुति तिवारी सहित हिंदी विभाग और महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में समस्त स्टाफ छात्र छात्राओं का आभार प्रदर्शन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा किया गया।

# मनेन्द्रगढ़ में चंपा देवी पावले का जिलाध्यक्ष के रूप में स्वागत

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले ने मनेन्द्रगढ़ में अपनी पहली बार उपस्थिति दर्ज की, जहाँ उनका कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर गुजराती भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में पावले का स्वागत तिलक करके और फूलों की माला पहनाकर किया गया। जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान पावले ने मंच पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, मैं जिलाध्यक्ष नहीं हूँ, बल्कि हर कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष है। यह मेरा सम्मान नहीं, बल्कि हम सबका सम्मान है। आपने जो मेरा स्वागत किया है, मैं इसके लिए आपका आभारी हूँ। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हमें इस परिवार को और बुलंदी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह काम करती है और हम सभी का लक्ष्य यह होना चाहिए कि इस परिवार को और मजबूत और सशक्त बनाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि हमें अपने परिवार के हर सदस्य के विकास की चिंता करनी चाहिए और किसी भी प्रकार की आपसी असहमति से बचना चाहिए, ताकि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल हो। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक महत्वपूर्ण सदस्य है और उसे यह समझना चाहिए कि यदि पार्टी का विकास करना है, तो सभी को मिलकर काम करना होगा और एकजुट होकर पार्टी को बुलंदी तक पहुंचाना होगा। पार्टी का उद्देश्य एकजुट रहकर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, भाजपा नेता अनिल केशरवानी, वीरेंद्र सिंह राणा, आलोक जायसवाल, संजय सिंह और मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा भी मंच पर उपस्थित थे। सभी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और भाजपा की मजबूती के लिए उनके नेतृत्व में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने रामबोड़ गांव स्थित कुसुम पावर प्लांट में हुए हादसे पर दुख जताया



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने मुंगेली जिले के सरगांव थाना अंतर्गत रामबोड़ गांव स्थित कुसुम पावर प्लांट में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इस हादसे में घायल श्रमिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। विजय शर्मा गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर रात्रि 12 बजे सरगांव के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट पहुंचा, प्रशासन के द्वारा बचाव कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ किया जा चूका है,दुर्घटना में पांच व्यक्ति के मृत होने की संभावना बताई जा रही है, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय मौके पर स्वयं उपस्थिति होकर बचाव व राहत कार्य की निगरानी कर रहे हैं, यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है, इस घटना की गंभीरता से जाँच कराया जाएगा तथा मृतकों और आहतो के परिवारजनों को अधिकतम सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र शर्मा,पूर्व जिला महामंत्री भाजपा निश्चल गुप्ता,सरगाँव मंडल अध्यक्ष पोषण यादव , मुंगेली मंडल महामंत्री रामशरण यादव, पूर्व पार्षद महावीर सिंह एवं विशाल वर्मा उपस्थिति रहे।

# बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

एक दिवसीय सतनाम समागम मेला झझपुरी कला मे सामिल हुऐ मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर' एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसंबर 1756 को गिरौदपुरी में हुआ था। उस समय समाज में छुआछूत और भेदभाव व्याप्त था। ऐसे समय में बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। और साथ मे संजीत बनर्जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत थानेशवर साहू खुशबू आदित्य वैष्णव हेमिन मंगेशकर नरेश पाटले मनीष त्रिपाठी स्वतंत्र मिश्रा महंत होरीलाल एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अड़भार में महिलाओं को स्वालंबी बनाने राष्ट्रीय आजीविका शहरी मिशन के अंतर्गत 36 महिला समूहो का हुआ गठन



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पंचायतअडभार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनन्द राय ने बताया कि पं दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सक्ती जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 36 स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है जिनमें से 32 स्व सहायता समूहों को सरकार की योजनाओं से आवर्ती निधि प्रदान किया गया है एवं 12 स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कराया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य आपसी लेनदेन करना एवं आर्थिक स्तर को उपर उठाना है। इसी प्रकार 4 स्व सहायता समूहों को समूह ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे महिलाएं ऋण प्राप्त कर विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक गतिविधि जैसे दोना पत्तल, फिनाईल, सर्फ, मिठाई डब्बा आदि व्यवसाय कर सशक्त हो रही है,पं दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत मलिन बस्तियों में गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाली महिलओं के आर्थिक स्तर को उन्नयन करने हेतु शासन के द्वारा यह योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ का नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्मेलन आयोजित

## उत्साहित कार्यकर्त्ता विजय का आधार : चंपा देवी पावले

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर में किया गया। इस सम्मेलन में पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव,उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सरोज पांडे, नितिन नवीन किरण देव सिंह शामिल थे। उपरोक्त बैठक में शामिल भाजपा एम सी बी की जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने बताया कि सम्मेलन में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारी और रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी मुकाबले को जीतने के लिए रणनीतियों और चुनाव प्रचार के तरीके पर मार्गदर्शन दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने की अपील की गई और इस दिशा में उनकी भूमिका और जिम्मेदारी पर विशेष बल दिया गया। एमसीबी भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने बताया कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सशक्त और उत्साही बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता के कल्याण और विकास के लिए काम किया है, और आने वाले चुनावों में भी पार्टी इस विश्वास को और मजबूत करेगी। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

**प्रदेश स्तर पर आगामी चुनावों के लिए दिशा-निर्देश**-सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने प्रदेश भर के चुनाव कार्यों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। भाजपा के नेताओं ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत के लिए जन-जन तक पहुंचने के महत्व पर जोर दिया।

# अड़भार के स्वच्छता मित्रों एवम दीदियों का हुआ स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे अड़भार शहर को स्वच्छता के मामले में तड़के सुबह से लेकर देर शाम तक अपने अथक परिश्रम से योगदान देने वाले नगर पंचायत के स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य बेहतर हो जिससे वे पूरी ऊर्जा के साथ शहर को स्वच्छ रखने की दिशा में अपना योगदान दे सकें, इन सबकी चिंता करते हुए नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग के दिशा निर्देशन में नगर पंचायत क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच परीक्षण का आयोजन किया, जिसमें सफाई दरोगा विकास देवांगन की उपस्थिति में नगर पंचायत के सभी स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनका हेल्थ चेकअप किया गया, साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार के रोगों से सावधान रहने तथा समय-समय पर हेल्थ चेकअप के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने की दिशा में भी उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। साथ ही सामान्य रूप से मनुष्य के दैनिक जीवन में होने वाली बीपी, शुगर जैसी बीमारियों के संबंध में भी उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।



## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुंद (छत्तीसगढ़)

### // नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 20.01.2022 को किया गया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम स्थल का नाम - पिथौरा**
**नीलाम दिनांक - 20.01.2025**
**नीलाम समय - 9:00 बजे प्रातः से**

**नीलाम दिनांक 20.01.2025 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा**

| क्र. | प्रजाति | नया वनापेज | | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे.पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे.पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे.पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | सागौन | 647.237 | 7817 | 15320 | 0 | 1605.328 | 7440 | 56209 | 0 | 2252.565 | 15257 | 71529 | 0 |
| 2 | साल | 14.590 | 59 | 0 | 0 | 45.725 | 63 | | 0 | 60.315 | 122 | 0 | 0 |
| 3 | शीशम | 0.365 | 0 | 0 | 0 | 2.481 | 0 | 0 | 0 | 2.846 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | तिन्सा | 0.195 | 0 | 0 | 0 | 0.806 | 0 | 0 | 0 | 1.000 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 4.783 | 0 | 0 | 0 | 28.656 | 0 | 0 | 0 | 33.439 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 10.511 | 176 | 0 | 0 | 23.993 | 339 | 0 | 0 | 34.504 | 515 | 0 | 0 |
| 7 | हल्दु मुड़ी | 11.484 | 0 | 0 | 0 | 40.654 | 20 | 0 | 0 | 52.138 | 20 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 6.549 | 0 | 0 | 0 | 14.845 | 0 | 0 | 0 | 21.394 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | सलिहा मोदे | 17.868 | 0 | 0 | 0 | 19.924 | 0 | 0 | 0 | 37.792 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | खम्हार | 56.425 | 2389 | 0 | 1031 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 56.425 | 2389 | 0 | 1031 |
| 11 | पापड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 3.109 | 0 | 0 | 0 | 3.109 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | अन्य | 114.764 | 1289 | 0 | 0 | 100.223 | 1305 | 0 | 0 | 214.987 | 2594 | 0 | 0 |
| | **योग :-** | **884.771** | **11730** | **15320** | **1031** | **1885.774** | **9167** | **56209** | **0** | **2770.515** | **20897** | **71529** | **1031** |

**टीप** :-1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशन ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)**

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)**

G-242505275/4


# ऑपरेशन सफल पर, हादसे में हुई मौत का है गहरा दुख, परिवारों को देंगे मुआवजा, दोषियों पर होगी करवाई: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली जिले के सरगांव के रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्लांट दुर्घटना में कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ एसडीआरएफटीम के द्वारा सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। स्मेल्टर प्लांट में लगभग 200 टन वजनी साइलो (कंटेनर) के गिरने से बड़ा हादसा हुआ। मजदूरों के उसमें फंसे होने की सूचना पर कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। भारी भरकम कंटेनर को हटाना काफी चुनौती भरा कार्य था। प्रारंभ में बचाव कार्य के लिए नजदीकी क्रेन को बुलवाकर कंटेनर को हटाने की कोशिश की गई, परंतु भारी वजन होने के कारण से उसे हटाया नहीं जा सका। कलेक्टर ने तत्काल संपर्क कर लगभग 400 टन क्षमता का क्रेन मंगाया, परंतु इस क्रेन के लिफिंटग हुक को सही जगह व्यवस्थित कर उठाना काफी चुनौती भरा कार्य था। साइलो के अंदर लगभग 80 टन कोयला का डस्ट भी भरा हुआ था। साइलो को उठाने के शुरुआती कुछ प्रयास किए गए, परंतु अत्यधिक वजन के कारण उठा पाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में साइलो के सब स्ट्रक्चर को कटिंग कर हटाया गया, उसके बाद कंटेनर को काटकर उसके अंदर भारी मात्रा में रखे डस्ट को निकाला गया। कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जिला प्रशासन व राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ा पूरा अमला मौके पर पूरी तत्परता से डंटा रहा। पूरी रात स्ट्रक्चर को कटिंग करने के बाद लगभग 80 टन डस्ट को हटाया गया। लगभग 30 घंटे लगातार काम करने के बाद इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम दिया गया। उसके बाद साइलो को भारी क्रेन से लिफ्ट कर हटाया गया। अब सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य था उस डस्ट के अंदर फंसे मजदूर एवं फैक्ट्रीकर्मी को निकालना। इसके लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफ की टीम बनी और उनके साथ स्वयं कलेक्टर-एसपी कुशल नेतृत्व एवं आवश्यक दिशानिर्देश देते रहे। साइलो (कंटेनर) हटाने के बाद रातभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद 03 शव को बाहर निकाला गया। एक व्यक्ति घायल मनोज धृतलहरे को पूर्व में ही राहत एवं बचाव कार्य करते हुए अस्पताल भेजा गया था।

# दंत चिकित्सा पेशेवर के रूप में अपने ज्ञान एवं कौशल से अनगिनत व्यक्ति के स्वास्थ्य एवं कल्याण में देंगे योगदान

## मरीज का ईलाज करते समय दया, सहानुभूति एवं मानवता को कभी न भूले

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा के स्नातक समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल रमेन डेका को अपने उद्बोधन में कहा कि वर्षो की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता ने आप सभी ने डेंटल प्रोफेशनल के रूप में आकार दिया है और तैयार किया है। स्नातक होना आपके अध्ययन का एक मील का पत्थर ही नहीं बल्कि आपके सीखने के जुनून और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, जो आपको इस मंजिल तक लेकर आया है। यह एक अध्याय के अंत तथा दुसरे अध्याय के शुरूआत का प्रतीक है, जहां आपका ज्ञान और कौशल अनगिनत व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा पेशेवरों के रूप में समाज में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख एवं दांत का स्वास्थ्य न केवल हमारी उजली मुस्कान से जुड़ी है, बल्कि यह हमारे समग्र स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। आपके द्वारा किया गया कार्य दर्द को कम करने, आत्मविश्वास बनाये रखने और जीवन को बेहतर बनाये रखने की ताकत रखता है। इस बड़ी जिम्मेदारी के साथ निरंतर सीखने और करूणा की जरूरत है। उन्होंने युवाओं के मस्तिष्क को दिशा देने के लिए प्रतिबद्धता, मार्गदर्शन, व्यवसायिक क्षमता के विकास के लिए संस्थान के सभी प्रतिनिधियों तथा बच्चों के अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह अवसर इन उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं से कहा कि आपकी शिक्षा केवल कैरियर का साधन नहीं है, बल्कि यह सेवा के लिए प्रतिबद्धता है। नैतिकता एवं देखभाल के उच्च मानकों को बनाएं रखने का प्रयास करें। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक नवीनतम अविष्कार, नवाचार से अद्यतन रहें और जीवन भर सीखने की जिज्ञासा बनाये रखें। आपके सामने चुनौतियां होगी, लेकिन आप साहस एवं क्षमता के साथ इसका सामना करेंगे। आप चाहे प्रैक्टिस करें, अनुसंधान करें या लोगों के स्वास्थ्य के लिए अपना योगदान देंगे। यह समझे कि आपके कार्य से समाज में एक अमिट प्रभाव पड़ेगा। आप अपने जीवन की एक नई यात्रा पर निकल रहे हैं। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि सफलता केवल आपके पेशेवर उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि आप जिनकी जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं, उससे मापी जाती है। आप जिस भी मरीज का इलाज करें, दया, सहानुभूति एवं मानवता को कभी न भूले। राज्यपाल ने कहा कि शासन द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किये जा रहे है, लेकिन देश की आबादी के दृष्टिगत निजी क्षेत्रों की भूमिका एवं सहभागिता महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जरूरत है।

डीन छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा डॉ. नागरत्ना पीजे ने संस्थान के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके पात्रा, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा के अध्यक्ष एनसी पारख, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिले के दो स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर ईलाज उपलब्ध कराने वाले जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीपाडीह कला व आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवली को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सुविधा का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के दो स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र मिला है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सक और मेडिकल स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा की जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरक़रार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और जिले के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। डॉ. सिंह ने कहा की सरकार का लक्ष्य सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को गुणवत्ता मानक पर खरा उतरने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणित करने की योजना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्मृति एक्का ने कहा की पूर्व में जिले में 04 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 01 आयुष्मान केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त किये है। अब यह संख्या बढकर 07 हो गयी है और अभी 02 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का वर्चुअल विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आंकलन हुआ है। उन्होंने बताया की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने वर्ष 2024 माह दिसम्बर व वर्ष 2025 माह जनवरी में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था जिसमें माह दिसम्बर 24 में परीक्षण में दो स्वास्थ्य केंद्र जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीपाडीहकला व आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवली का रिजल्ट प्राप्त हुआ है। जिसमें डीपाडीह कला को 92.80 व केवली को 90.72 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। स्मृति एक्का ने बताया की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओ और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है, इनमे उपलब्ध सेवाएं, मरीजों का अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कण्ट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल है। इन मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

# शिक्षिका ने किया उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर अपनी संस्था में अध्ययनरत बारह बच्चों को उनकी गतिविधियों में हिस्सेदारी के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। प्रधान पाठक किशुन राम साहू, संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु एवं संस्था की शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने इन बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें सबके सामने सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें प्रदान किया है। प्रधान पाठक एवं संस्था के सभी शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने विचार रखे तथा बताया कि विश्व हिन्दी दिवस की शुरुआत दस जनवरी 2006 को भारत सरकार ने की थी। इस दिन को ख़ास तौर पर हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और भाषा की वैश्विक पहचान बनाने का प्रयास किया जाता है।सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य तथा बच्चे उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत बाल देख रेख संस्थान के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



टुमारोज फांऊडेशन द्वारा संचालित बाल देख रेख संस्थान में दर्ज सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं स्वच्छता, साफ सुथरे, रहन सहन खान-पान हेतु जागरूक किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत बच्चों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना द्वारा बीजापुर जिले के तीनों नगरीय निकायों में 1 नग मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है जिसमें एमबीबीएस डॉक्टर जितेन्द्र तोकल सहित नर्स गीतिका अल्लूर, लैब टेक्नीशियन विनीता अल्लूर एवं फार्मासिस्ट नीलेंद्र सिंह नाग ड्राइवर अक्षय पुजारी उपलब्ध रहते है जिनके द्वारा बहुत अच्छे से स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य परामर्श के साथ मुफ्त में दवाइयां भी उपलब्ध कराया जा रहा है यह मोबाइल मेडिकल यूनिट बीजापुर के तीनों निकायों में हफ्ते में दो दो दिवस सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक संचालित होता है। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के चौक चौराहों में लगाया जाता है जिससे लोगों के घर के समीप उन्हें इलाज मिलना संभव हो पाया है। साथ ही शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, कोलेस्ट्रॉल और थायराइड जैसे 43 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है इसके जरिए लोगों को महंगे टेस्ट मुफ्त में करा पा रहे हैं, साथ ही इस मोबाइल मेडिकल बस में ईसीजी और इमरजेंसी के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर जैसे महत्वपूर्ण सुविधा भी उपलब्ध है एमएमयू9 मोबाइल ऐप के जरिए लोगों को सारी जानकारी अपने मोबाइल में ही प्राप्त हो जा रही है बीजापुर में शनिवार ओर रविवार इस दो दिनों में शिविर लगाए जाते है रविवार को यह शिविर बीजापुर साप्ताहिक बाजार में नियमित रूप से लगाया जाता है नगर पालिका अधिकारी बीजापुर बंशी लाल नुरेटी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बीजापुर निकाय में इस योजना के शुरुआत से अब तक की स्थिति में 352 शिविर आयोजित करके 18920 लोगों को लाभान्वित किया गया। जिनमें 6156 का लैब टेस्ट किया गया और 17531 लोगों को दवाई प्रदान किया गया। पूरे जिला की बात करे तो अब तक 785 शिविर लगाके 40474 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करके 12952 लोगों का लैब टेस्ट किया जा चुका है और 37031लोगों को ब्रांडेड जेनेरिक दवाई निशुल्क प्राप्त हुआ है।

# छत्तीसगढ़ सरकार की पहल: मोबाईल मेडिकल यूनिट से हो रहा निःशुल्क ईलाज

## सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है प्रतिदिन अपने निर्धारित स्थान पर सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दो पालियों में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचकर अपनी सेवा दे रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल पर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक कुल 1 लाख 84 हजार 582 लोगों का इलाज मेडिकल टीमों द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट में किया जा चुका है।

### 1 लाख 84 हजार से अधिक का ईलाज

इस योजना के तहत डॉक्टर्स, पैरामेडिकल टीमों, चिकित्सा उपकरणों और दवाओं से लैस 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्रों में झुग्गी समुदायों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग कुल 1 लाख 84 हजार 582 रोगियों का ईलाज किया जाकर 1 लाख 79 हजार 830 मरीजो को निःशुल्क दवा वितरण किया जा चुका है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में पैथोलॉजी जांच भी किया जाता है। शहरी क्षेत्र में शिविर होने के कारण अधिक से अधिक लोगों ने निःशुल्क इलाज और जांच का लाभ उठाया। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाई के माध्यम से उपचार किया जा चुका है मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री द्वारा नगरीय क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों और अन्य जरूरतमंदों को पूरी जांच कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किये गये है।

### स्वच्छता दीदीयों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट से निकाय में कार्यरत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार का जांच, खून जांच की जाती है। इसके साथ 170 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध है। जिसे डॉक्टर के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान एमएमयू-03 के एपीएम, डॉक्टर, एएनएम, टेक्नीशियन, फार्मेसिस्ट, मौजूद रहे। स्वास्थ्य कैम्प में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का थाइरोइड टेस्ट, कैल्सियम टेस्ट, सीबीसी, हिमोग्लोबीन, सुगर, विटमिन डी-3 एवं बी-12 का लैब टेस्ट किया गया एवं दवाई वितरण किया गया।

# वय वंदन योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान, अब 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए शुरू की गई वय वंदन योजना छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से क्रियान्वित हो रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक की विशेष स्वास्थ्य सहायता दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष जानकी प्रसाद शुक्ला ने कहा, पहले आयुष्मान कार्ड में केवल 50 हजार रुपये तक की सहायता मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की पहल से अब 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सहायता मिल रही है। यह योजना हमारे जैसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। संघ के सचिव रामायण प्रसाद मिश्रा, जिनकी आयु 73 वर्ष है, ने बताया कि उनका आयुष्मान वय वंदन कार्ड बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं खत्म हो गई हैं। यह पहल बुजुर्गों को सम्मानजनक और चिंता मुक्त जीवन जीने का अवसर दे रही है। संघ के सदस्य दाऊराम अवस्थी, जिनकी आयु 77 वर्ष है, ने बताया कि इस उम्र में स्वास्थ्य समस्याएं आम हैं। 5 लाख रुपये तक की विशेष सहायता से न केवल मुझे राहत मिली है, बल्कि मेरा परिवार भी अब चिंतामुक्त है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदन कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। घर-घर जाकर भी कार्ड बनाने का काम हो रहा है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड लेकर नजदीकी लोक सेवा केंद्र (च्वाइस सेंटर), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस संवेदनशील पहल ने वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी चिन्ताएं दूर हो गई हैं। वरिष्ठ नागरिकों ने इसे वरदान बताते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# चिरायु योजना झनेश्वरी के लिए वरदान साबित हुई, हृदय का हुआ सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना झनेश्वरी महिलांग के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के तहत विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम मानपुर आंगनबाड़ी की 04 वर्षीय बालिका झनेश्वरी के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। 26 दिसंबर को चिरायु टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान झनेश्वरी में जन्मजात हृदयरोग पाया गया। इसके पश्चात परिजनों की सहमति पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य जांच उपरांत श्री सत्य साई अस्पताल रायपुर में झनेश्वरी के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। गौरतलब है कि चिरायु टीम द्वारा शासन द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु टीम लगातार बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे जो जन्मजात कटे-फटे होंठ, मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित विभिन्न प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर निःशुल्क उपचार होता है। कलेक्टर ने चिरायु टीम को ऐसे प्रकरणों पर तत्काल उपचार और सहायता शुरू करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए हैं।

# शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी 2025 को

**रायपुर।** शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद सचिव ने बताया कि विभिन्न गति की कौशल परीक्षाओं में से 'अंग्रेजी' मुद्रलेखन गति 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 18 जनवरी शनिवार को तथा 19 जनवरी रविवार को 'हिन्दी' मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 9 चयनित परीक्षा केन्द्रों पर तकनीकी कॉलेजों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आयोजित की जाएगी। उपरोक्त तिथियों में आयोजित परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी परिषद की वेबसाईट https//ctsp.cg.nic.in/ का अवलोकन कर सकते हैं। विभिन्न तिथि में आयोजित परीक्षाओं के लिए केवल नवीन प्रवेश पत्र ही मान्य होगा।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की जांच

## पीड़ित बच्चों का होगा नि :शुल्क इलाज



पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की जांच यूपीएचसी नवापारा में की गई। स्वास्थ्य विभाग एवं रायपुर स्थित निजी अस्पताल एमएमआई नारायण हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में यह जांच शिविर आयोजित किया गया। हॉस्पिटल की ओर से डॉ सुमन्ता शेखर पाढ़ी के द्वारा कुल 88 बच्चों की जांच किया गया जिसमें लगभग 28 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग होने की पुष्टि हुई जिनका ऑपरेशन कर उपचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. रंजना आर्य प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ आरसी आर्या एमएस, डॉ अविनाशी कुजूर विभाग्यध्यक्ष स्त्री रोग, डॉ स्मिता परतवार नोडल अधिकारी ईको कार्डियोग्राफी, डॉ मोहम्मद शागिल विभाग्यध्यक्ष भेषज विभाग, डॉ. सुमन सुधा तिर्की विभाग्यध्यक्ष शिशु रोग, डॉ. अंकित गुप्ता अस्सिटेंट प्रोफेसर शिशु रोग, डॉ हेमराज, डॉ. इंदु, डॉ वीणा धात्रक, डॉ प्रबंजन, सहित सभी आरबीएसके दल तथा अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर: बेघर और बुजुर्गों के लिए जीवन रेखा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हर मंगलवार, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत निर्मित आश्रय स्थल जहां आश्रय विहीन लोग निवासरत हैं, में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर उन बेघर और बुजुर्गों के लिए एक वरदान का रूप साबित हुआ है। यह शिविर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राज्य शहरी विकास एजेंसी द्वारा संचालित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जो अस्पताल जाने में सक्षम नहीं हैं। शिविर में मरीजों को निःशुल्क उच्च गुणवत्ता की दवाइयां और ब्लड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इससे उन्हें अपनी रोजमर्रा की समस्याओं के लिए अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होती। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ऐसी पहलें समाज के कमजोर वर्गों के लिए कितनी महत्वपूर्ण हैं।

### स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन में सुधार

शिविर की शुरुआत में कई मरीजों को अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन आदि के बारे में जानकारी नहीं थी। एमएमयू टीम और एनयूएलएम की टीम के प्रयासों से इन समस्याओं का पता चला और उचित इलाज के बाद अब उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। इसके साथ ही, शिविर में लोगों को साफ-सफाई और कीटाणुरहित जीवनशैली के महत्व पर मुफ्त परामर्श दिया जाता है। उल्लेखनीय मरीजों में अनिशा 20 वर्ष, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित थीं। शुरुआत में उनका हेमोग्लोबिन केवल 6 ग्राम था। एमएमयू टीम की उचित देखभाल और इलाज के बाद अब उनका हेमोग्लोबिन 11 ग्राम तक पहुंच गया है। सुनीता सागर 60 वर्ष उन्हें हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) की समस्या थी, जिसकी जानकारी उन्हें एमएमयू शिविर में हुई। नियमित इलाज और परामर्श के बाद अब उनका स्वास्थ्य स्थिर है। रेखा गोंड 61 वर्ष हाइपरटेंशन की समस्या से पीड़ित थीं। एमएमयू टीम और आश्रय स्थल की मदद से अब उनकी स्थिति बेहतर हो गई है। इन मरीजों ने अपनी बीमारियों के बारे में पहली बार एमएमयू शिविर के माध्यम से जाना और उचित इलाज से अब वे अच्छी स्थिति में हैं।

### एनयूएलएम टीम और प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन टीम इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर न केवल जरूरतमंदों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें बेहतर जीवन जीने की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसे संस्थान और मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना जैसी सेवाएं समाज के उन वर्गों को सहायता प्रदान कर रही हैं जो अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं।

# समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास है एन एस एस : डॉक्टर मनोज सिन्हा

पायनियर संवाददाता ≺ करगी रोड कोटा
www.dailypioneer.com






शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा महिला इकाई का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर पूर्णतः आवासीय ग्राम पंचायत खुरदुर में 50 छात्राओं के साथ भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खुरदुर की सरपंच रजनी मरकाम, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर, कार्यक्रम की संरक्षक एवं संस्था की प्राचार्य आशा दत्ता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी निर्मला बंजारे व्याख्याता एवं खुरदुर हाई स्कूल प्राचार्य नरेंद्र मिश्रा के विशिष्ट अतिथि में अंजना चौकसे, अर्पणा लाल, प्रांजल चौकसे, रमेश सिंह, रक्षा दुबे, डॉ. आर. बी. गुप्ता, एस के साहू, मनोज यादव, किरण कुमार, विक्रम सिंह सिकरवार, मधुलता टण्डन, श्वेता स्वर्णकार, रामकुमारी, पंचायत के पंचगण खुरदुर एवं कन्या शाला एवं खुरदुर हाई स्कूल के सभी व्याख्याता शिक्षक गण एनएसएस की स्वयंसेवी छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम एनएसएस के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ, स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, एन एस एस प्रेरणा गीत व छात्राओं द्वारा देशभक्ति शास्त्रीय नृत्य के साथ कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मनोज सिन्हा ने महापुरुषों के जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने व स्वयं को गांव की जीवन शैली के साथ आत्मसात करने की प्रेरणा बताते हुए आपने उद्देश्य बताया कि विशेष शिविर के माध्यम से जो गाँव में स्वच्छता, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, युवा डिजिटल भारत का संदेश आदि का कार्य करते हुए गांव में समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास ही एन एस एस है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए मिलकर रहना, ग्रामीण जीवन की समस्या को समझना व उनका समाधान करना तथा हमसब विभिन्न जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी भारतीय एक हैं, यह शिविर हमें सिखाता है, साथ ही इस सफल आयोजन के लिए कन्या शाला एनएसएस परिवार की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खुरदुर हाईस्कूल प्राचार्य नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि एनएसएस से सेवा भावना व देशभक्ति और अनुशासन के शिक्षा मिलती है, उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। एनएसएस संरक्षक एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा की प्राचार्य आशा दत्ता ने कहा कि एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजना हमें विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन को मजबूत बनाने और अपने अंदर आत्मविश्वास और अनुशासन की प्रेरणा देता है और हमें सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने समाज तथा राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि समुदाय के साथ ग्रामीण जीवन को जीवनचर्या को समझना उनसे सीखना सेवा के माध्यम से शिक्षा तथा शिक्षा के माध्यम से सेवा यही एनएसएस का मूल भाव है इसे हमें अपने जीवन पर उतारने की प्रेरणा देता है। सात दिवसीय विशेष आवासीय ग्रामीण शिविर के इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजनी मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत खुरदुर द्वारा एनएसएस इकाई का अपने पंचायत में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि एनएसएस इकाई हमारे खुरदुर में आयोजित हुआ है।

# कोलंबिया के छात्रों का पीआईई इफोंकाम प्रा.लि. में चयन



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मे विगत दिनो पीआईई इफोंकाम प्रा.लि. के द्वारा, अंतिम वर्ष में अध्ययनरत एम.बी.ए., बी.टेक., डिप्लोमा, एवं बीबीए के छात्रों के लिए कैम्पस रिक्युटमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कंपनी की तरफ से आए सीनियर एच.आर. विजय कुमार जायसवाल एवं इनकी टीम ने विद्यार्थीयों का चयन किया। कंपनी ने इंटरव्यू से 13 होनहार छात्रों का चयन किया। चयनित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन, प्रिसिंपल एंव प्राध्यापकगण ने शुभकामनायें प्रेषित की है। कोलंबिया इंस्टीट्यूट के विभागाध्यक्ष प्रो. उदय कुमार रजक ने बताया कि प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग शिक्षा और कार्यबल के बीच प्रभावी संबध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसे ध्यान में रखते हुये कोलंबिया संस्थान, अपने इंजीनियरिंग, एम.बी.ए, बी.टेक. एव डिप्लोमा के छात्रा को बेहतर प्लेसमेंट करते हुये उच्चतम कंपनीयों मे कैपंस रिक्युटमेंट और तकनीकी टेंनिंग कराने मे हमेशा तत्पर है। छात्रों का चयन 850000-400000/- रू सालाना वेतन की दर से हुआ है। जिनकी सूची निम्नानुसार है आयुषी येड़पुडे, आयुषी गुप्ता, छाया झा, तान्या वर्मा, शीतल वर्मा, चंदन बाला, विवके साहू, राहुल देवांगन, आदर्श त्रिपाठी, कुणाल, आयुषी वर्मा, मयंक खत्री, दिव्या रेडडी।

## भाटापारा सीएमओ द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने किया जा रहा प्रतिदिन वार्डो का निरीक्षण

**भाटापारा।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पालिका के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्य जिसमें बिखरे कचरे को समेटने के साथ-साथ आवासीय एवं व्यवसायिक इलाकों में निस्तार हेतु बनाई गई नालियों समेत जीवीपी पॉइंट के सफाई कार्यो, स्वच्छता दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का निरीक्षण किया गया।

# न्यूनतम अंक प्राप्त विद्यार्थी भी एक सफल उद्यमी साबित हुआ है : प्रो. सरनजीत सिंह



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

यदि कोई विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के दौरान औसत प्रदर्शन करता है तो इसक मतलब यह नहीं है की वह प्रगति नहीं कर सकता इसके उलट ऐसे अनेको उदाहरण है कि ऐसे विद्यार्थी एक सफलतम उद्यमी साबित हुए है, एक विद्यार्थी कभी भी किसी प्रकार की जिज्ञासा को शांत करने के विषय में न हिचके, क्योंकि हिचकने से किसी भी प्रकार की शंका का समाधान नहीं होगा, यदि आपके मन में एक विश्वास है की मुझे कुछ करना है तो उसके लिए आपको अपना शत प्रतिशत देना आवश्यक है, मेरी सभी प्रकार के संस्थानों को सलाह है कि किसी भी विद्यार्थी का मूल्यांकन उसके अंकों से न करें अपितु उसके वह क्या कर रहा है पर ध्यान केंद्रित करें, यह उद्बोधन कोलंबिया फार्मेसी संकाय के सत्र 2024-25 में नवप्रवेधित विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटशन प्रोग्राम में आमंत्रित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एनालिसिस एंड रिसर्च के भूतपूर्व डायरेक्टर , डीन एवं फार्मास्यूटिकल एनालिसिस के विभागाध्यक्ष प्रोफे सर सरनजीत सिंह के थे। कार्यक्रम के आरम्भ में संस्थान के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बतलाया कि यदि अपने में कुछ करने कि इच्छा है तो आप अवश्य उसे कर सकते हैं बशर्ते उसे आप अपना शत प्रतिशत दें, क्योंकि आपके अभी के चार साल आपके भविष्य का निर्धारण कर उसे स्वर्णिम कल में तब्दील कर सकते हैं, कोलंबिया संस्थान हमेशा से ही अपने विद्यार्थियों के न केवल एकेडेमिक्स बल्कि रिसर्च हेतु प्रेरित करने के लिए कटिबद्ध है।

# सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ



पायनियर संवाददाता ≺ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कवर्धा में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर में पालिका प्रशासन के द्वारा तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। कवर्धा नगर पालिका के सीएमओ रोहित साहू अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह 6 बजे से नगर के अलग अलग वार्डों में भ्रमण कर सफाई कार्य का जायजा ले रहे हैं तथा सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने स्वच्छता निरीक्षक व सफाई दरोगा को निर्देशित किया। नगर में कचरा फेंकने वाले स्थानों को चिन्हांकित कर वहां विशेष सफाई अभियान का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं कचरे के सही प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है उन्होंने बताया की डोर डोर कचरा कलेक्शन हेतु घर तक पहुचने वाले स्वच्छता दीदीयो को घर का कचरा देवे। सड़क व गली में कचरा ना फेकें। साथ में उप अभियंता राजेश मिश्रा, वीरेंद्र नवघरे, प्रभारी लियाकत अली, सफाई दरोगा हुलास ठाकुर, पीआईयू होमेश मानिकपुरी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को श्री अय्यप्पा मंदिर टाटीबंध में भक्तजन लाखों दीपकों से मंदिर प्रांगण को सुसज्जित करेंगे

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मंगलवार, 14 जनवरी 2025 को टाटीबंध स्थित भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में पूजा आराधना के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। श्री अय्यप्पा सेवा संघम द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नववर्ष में ग्रहों की विपरीत दशाओं के कारण संभावित दोषों से मुक्ति हेतु शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में मंगलवार 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभअवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियों के खुलने के साथ ही प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक जारी रहेगा। प्रातः 4.30 बजे प्रभात फेरी तथा 4.45 बजे निर्माल्य दर्शन, 5.30 बजे गणपति हवन, 6.45 बजे अभिषेक के साथ ही 7.00 बजे ऊषा पूजन, 7.30 बजे भागवत पारायणम् सम्पन्न होगी। इसके बाद प्रातः 8.30 बजे पल्लीकेटटु सहित पवित्र 18 सीढ़ियों का आरोहण किया जायेगा। केवल व्रत लिए हुए भक्तों को पल्लीकेटटु के साथ सीढ़ी चढ़ने की अनुमति दी जाएगी। आरोहण के पश्चात् प्रातः 9.00 बजे घी अभिषेक, 10.00 बजे मध्यान्ह पूजन होगी। दोपहर 12.30 बजे आम लंगर (महाभंडारा) का आयोजन किया गया है। संध्या 5.00 बजे दीप अलंकार (लक्षदीप), दीपाराधना एवं आरती होगी। संध्या 7.00 बजे भजन, 8.15 बजे रात्रि भोग पूजा की जायेगी। संध्या समय भक्तजन लाखों दीपकों से मंदिर प्रांगण को सुसज्जित करेंगे। मकर ज्योति जलाने के इच्छुक भक्तजन तेल एवं बत्ती साथ लाकर मकर ज्योति जलाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री अय्यप्पा सेवा संघम् द्वारा संपूर्ण परिवार की सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य हेतु विशेष कुटुंब ज्योति अलंकार का आयोजन किया जा रहा है।

# किसान सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र ग्राम कोटमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ≺ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वच्छ स्वर्णिम और सशक्त भारत निर्माण के लिए किसान सशक्तिकरण हेतु शाश्वत यौगिक एवं जैविक खेती संपूर्ण ग्राम विकास का आधार आध्यात्मिकता विषय पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा के द्वारा किसान सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र ग्राम कोटमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ महतारी के स्वागत गीत व द्वीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंगारपुर सोसायटी के अध्यक्ष दीनबंधु दुबे, धान खरीदी केंद्र कोटमी प्रभारी अशोक बांधे, नोडल अधिकारी सहदेव साहू व ऐश्वर्य सिंह एवं ब्रह्माकुमारीज भाटापारा की मुख्य संचालिका बी.के. मंजू दीदी व बी.के. रामेश्वरी बहन उपस्थित रहे। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने उपस्थित किसानों को जैविक खेती तथा शाश्वत यौगिक खेती का महत्व बताते हुए जैविक खेती तथा शाश्वत यौगिक खेती करने की सहज विधि से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही साथ जहरीले कीटनाशकों तथा हानिकारक रसायनों के खेती में प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा किये गए अध्ययन में ये तथ्य सामने आये हैं कि जिन जगहों पर कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग किया जाता है वहाँ के लोग भयंकर बिमारियों जैसे कि कैंसर,चर्मरोग,अलसर,अस्थमा आदि से अधिक पीड़ित हो रहे हैं।

# यूटीडी ने विप्र ट्रॉफी जीता, विप्र कॉलेज में इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित ईंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में छत्तीसगढ़ कॉलेज को यूटीडी ने 5-2 से हराकर विप्र ट्रॉफी जीता। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. रीता वेणुगोपाल संचालक ,शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का हिस्सा है और विशेष कर लड़कियों को कोई ना कोई गेम जरूर खेलना चाहिए। क्योंकि जीवन में सफ़लता के लिए उन्हें भी शारीरिक दक्षता की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा विभाग के खेल समन्वयक एवं छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के ीड़ाधिकारी रूपेंद्र सिंह चौहान ने समापन अवसर पर कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण स्रोत है ।अगर आज के बच्चे मैदान में खेलेंगे तो तन मन से स्वस्थ रहने के साथ मोबाइल के बुरे प्रभाव से भी बच सकते हैं। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मेजबान विप्र कॉलेज सहित पं. रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय से संबद्ध आठ महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। इसके बाद अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। यूटीडी के आर्यन ताम्रकार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

# मन की बुराईयों का अंत मन की अच्छाईयां ही कर सकती है : विष्णु अरोड़ा

पायनियर संवाददाता ≺ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कल्याण क्लब मैदान में श्री देवी भागवत का आयोजन का पांचवा दिवस संपन्न हुआ। जिसमें संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा नें पांचवे दिवस की कथा में मधुकैटभ के वध की कथा सुनाई जिसमें भगवान विष्णु के कान से जन्म लेने वाले मधु कैटभ नाम के राक्षसों के द्वारा भगवती की उपासना और तप कर अपनी इच्छा और अपने मनपसंद स्थान पर मरने का वरदान मांगते है जिसके उत्पात से घबराये देवताओ और ब्रम्हा जी के द्वारा भगवान नारायण से उसके वध के लिए निवेदन है जिसके बाद भगवान नारायण और मधुकैटभ राक्षसो के बीच हजारो वर्षो तक युद्ध होता है लेकिन मधुकैटभ के न मरने के कारण भगवान नारायण देवी भगवती की उपासना करते है जिसके बाद चतुराई का सहारा लेने के लिए देवी भगवती कहती है जिसके बाद अपने चतुराई की सहायता से भगवती के शक्ति से उन राक्षसो का वध भगवान नारायण करते है वही भगवती के द्वारा भगवान शंकर, विष्णु एवं ब्रम्हा जी को स्त्रीयॉ प्राप्त हुई जिनकी महागौरी, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती की कथा पंडाल में उपस्थित स्राताओ को विस्तार से सुनाया।

## आईडब्ल्यूडीसी ने राष्ट्रीय जलमार्गों पर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के लिए कदम उठाए

# पांच साल में 50,000 करोड़ का निवेश करेगा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में अंतर्देशीय जलमार्गों के प्रचार और विकास पर नीति विचार-विमर्श के लिए सर्वोच्च संस्था इलैंड वॉटरवेज डेवलपमेंट काउंसिल ने राष्ट्रीय जलमार्गों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए बड़े घोषणाओं की पेशकश की है। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, जो बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है, द्वारा आयोजित की दूसरी बैठक में अगले पांच वर्षो में 50,000 करोड़ से अधिक के निवेश की घोषणा की गई। इस बैठक में 21 अंतर्देशीय जलमार्ग वाले राज्यों के लिए 1400 करोड़ से अधिक की नई पहलों की शुरुआत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की। इस अवसर पर सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, आईडब्ल्यूडीसी ने सहकारी संघवाद के लिए एक नया आयाम प्रस्तुत किया है, जहां केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर अंतर्देशीय जलमार्गों को सुदृढ़ बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श किया। ऐतिहासिक रूप से, सभ्यताओं के विकास में अंतर्देशीय जलमार्गों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, लेकिन यह पहलू 2014 तक उपेक्षित रहा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हम रेल और सड़कों पर दबाव को कम करने और यात्रियों और मालवाहकों के लिए एक सस्ता, टिकाऊ और कुशल परिवहन माध्यम प्रदान करने हेतु अंतर्देशीय जलमार्गों के सहायक तंत्र को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 1400 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ 21 राज्यों में अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन नेटवर्क को बढ़ावा देने की पहलों की शुरुआत की। अंतर्देशीय जहाजों की निर्बाध और सतत आवाजाही सुनिश्चित करने और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नेशनल रिवर ट्रैफिक एंड नेविगेशन सिस्टम लॉन्च किया गया है। रोजगार सृजन और कौशल प्रशिक्षण पर जोर देते हुए, सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के उन्नयन के बड़े प्रोजेक्ट आज बैठक में पेश किए गए। देश में मजबूत नेटवर्क बनाने के लिए, सरकार सभी राष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाज निर्माण और मरम्मत सुविधाएं विकसित करने की योजना बना रही है। हिमाचल प्रदेश में नदी सतलुज को चालू करने के लिए बाथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इसके साथ ही पंजाब में नदी ब्यास को चालू करने के लिए बाथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की गई। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने दी। सोनोवाल ने नदी चिनाब और नदी रावी को पर्यटन के लिए चालू करने की घोषणा की। इसमें हिमाचल प्रदेश और पंजाब में का हिस्सा शामिल होगा। इसके अलावा, सरकार नदी सतलुज को बाथिमेट्रिक सर्वे के लिए चालू करने की योजना बना रही है।

## पोको ने दिखाया अपना एक्स फैक्टर : अक्षय कुमार के साथ लॉन्च किये एक्स7 और एक्स 7 प्रो



**रायपुर।** इनोवेशन की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते कंज्यूमर टेक ब्रैंड्स में से एक, पोको ने जयपुर में एक जबर्दस्त इवेंट में अपनी प्रमुख एक्स7 सीरीज़- पोको एक्स7 5जी और पोको एक्स7 प्रो 5जी का अनावरण किया। बेहतरीन डिस्प्ले, परफॉरमेंस में जबर्दस्त और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के लिए अत्याधुनिक एडवांसमेंट से लैस, एक्स7 सीरीज़ स्मार्टफोन की उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करती है और प्रीमियम सेगमेंट में पोको की लीडरशिप को मज़बूत करती है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी मौजूदगी से इस लॉन्च को और भी बेहतरीन बनाया। अक्षय कुमार को पोको इंडिया के चेहरे के रूप में पेश किया गया, जो ब्रैंड के बोल्ड और निडर पहचान के प्रतीक हैं। यह एक्सीड योर लिमिट्स (अपनी सीमाओं को पार करें) के पोको ब्रांड के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस मौके पर पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा, पोको में, हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसमें इनोवेशन की अहम भूमिका होती है। एक्स 7 सीरीज़ के साथ, हम प्रीमियम स्मार्टफोन कैटेगरी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। हम पोको इंडिया के चेहरे के रूप में अक्षय कुमार को पाकर उत्साहित हैं, जिनकी एनर्जी से भरपूर उपस्थिति उत्कृष्टता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के मुताबिक है।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की 617 शाखा का गोबरा नवापारा जिला रायपुर में शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

शाखा गोबरा नवापारा में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक 617 वीं शाखा का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकगण राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल व्यवसायी पंकज जैन आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक राज्य का सर्वाधिक शाखाओं वाली बैंक है जिसकी शाखाएं उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम राज्य के हर क्षेत्र में स्थित है बैंक द्वारा राज्य के प्रत्येक चौथे नागरिक को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही है हमारा बैंक में सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है उनके द्वारा नवापारा के निवासियों को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदाय करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रमुख सुरेश कुमार सिंह राजपूत द्वारा उपस्थित ग्राहकों से बैंक में उपलब्ध बैंकिंग सुविधा एवं योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शाखा प्रबंधक शाश्वत सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक संजय गोयल ने ग्राहकों का स्वागत किया। रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत गोबरा नवापारा शाखा का उद्घाटन अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया। गोबरा नवापारा शाखा बैंक की 617 वीं एवं क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की 69 वीं शाखा के तौर पर स्थापित की गयी है। कृषि एवं कृषि आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण से परिपूर्ण, महानदी, पैरी एवं सौंदूर नदियों के त्रिवेणी में स्थित गोबरा नवापारा क्षेत्र में बैंक व्यवसाय की वृद्धि एवं वित्तीय समावेशन के मिशन के अंतर्गत स्थापित गोबरा नवापारा शाखा निश्चित ही क्षेत्र की जनता के विकास में अपना सर्वस्व योगदान देगी।

# जशपुर के विकास पर फोरम का पहला मंथन...पार्षद हिमांशु वर्मा ने कहा, खंडहर भवनों को खाली कराकर दुकान बनाएं

## जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने जशपुर के विकास कार्यों के लिए अपनी बात रखी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् जशपुर नगर के सभाकक्ष में जशपुर फोरम की प्रथम बैठक का आयोजन कलेक्टर रोहित व्यास की उपस्थिति और विधायक रायमुनी भगत की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। सर्व प्रथम कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जशपुर फोरम के गठन के उदेश्य के बारे में विस्तार से कार्य संरचना, कार्य योजना, संचालन गतिविधियों के बारे में उपस्थित जनप्रतिनिधियों चेबर ऑफ कार्मस के सदस्यों, आम नागरिकों को इसकी जानकारी दी गई। विधायक रायमुनी भगत ने भी जशपुर फोरम के आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी।

**पार्षद वर्मा के प्रमुख सुझाव**-जशपुर नगर पालिका के योग्य पार्षद हिमांशु वर्मा ने फोरम की बैठक में शहर के विकास के लिए अपनी सुझाव देते हुए कहा, जिला मुख्यालय में शासकीय जमीनों में बने मकान और कार्यालय जो अब खंडहर हो चुके हैं उन्हें तोड़कर उस स्थानों में दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे बेरोजगारों को काम मिलेगा और शहर की स्थिति में सुधार आएगा। इसके साथ ही उन्होंने उन मकानों में रह रहे शासकीय कर्मचारियों के लिए कंपोजिट बिल्डिंग बनाने की सलाह दी। उनके सुझावों को कलेक्टर रोहित व्यास ने गंभीरता से सुनकर उसपर काम करने की सहमति जताई है।




**इन मुद्दों को लेकर हुई बात**-तपश्चात् बैठक के मूल एजेण्डा पर चर्चा कि गई जिसमें मुख्यतः तरणताल स्वीमिंग पूल का संचालन, रणजीता स्टेडियम का संचालन तथा इण्डोर स्टेडियम का संचालन नगरपालिका द्वारा किये जाने पर विस्तार से चर्चा की गई जैसे नई कमेटी का गठन, नई दरों का निर्धारण, संचालन की कार्यायोजना तथा समय का निर्धारण के संबंध में विचार किया गया। रणजीता स्टेडियम में घास लगाये जाने पर भी विचार किया गया।

**शहर को सुंदर करने पर विचार**-कलेक्टर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों, चेबर ऑफ कार्मस, युवाओं से जशपुर को कैसे सुन्दर व स्वच्छ बनाये जाने के संबंध में अपने विचार मंच के समक्ष रखने को कहा। सभी ने अपने अपने विचार व सुझाव रखे गये जिस पर भी विस्तार से चर्चा कि गई।

**इन्होंने दिए सुझाव**-शहर विकास में क्या क्या कर सकते है इस संबंध में विधायक रायमुनी भगत, प्रियंवदा सिंह जुदेव सदस्य राज्य महिला आयोग, कृष्ण कुमार राय, ओमप्रकाश सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रजनी प्रधान ने अपनी अपनी सुझाव दिये, प्राप्त सुझाव एवं माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशा अनुरूप नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा शहर विकास के लिए स्वीकृत किये गये कार्यों पर भी चर्चा की गई। हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण, आडिटोरियम निर्माण, बांकीनदी रिवर फ्रंट डेवलपमेंट निर्माण, तालाब का सौदर्याकरण, बी.टी.आई मैदान का जीर्णधार कार्य के विषय पर चर्चा किया गया, बस स्टैण्ड में हाईमास्क लाईट लगाने, चौपाटी निर्माण के लिए स्वीकति हेतु प्रस्ताव भेजने का सुझाव दिया गया।

# जिला पंचायत सीईओ ने कांसाबेल में जनप्रतिनिधियों नागरिकों के साथ की संयुक्त बैठक, विकास की चर्चा

## बस स्टैंड और सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के द्वारा विकास खंड कांसाबेल की स्वच्छता का अवलोकन किया गया। उन्होंने कांसाबेल बस स्टैण्ड की स्वच्छता, डेली मार्केट, सार्वजनिक शौचालय, एन एच के किनारे की स्वच्छता का बारिकी से अवलोकन कर उपस्थित जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ स्थल पर चर्चा किया गया। भ्रमण के दौरान उपस्थित जनसमुदाय, दुकानदारों व जन प्रतिनिधियों को बस स्टैण्ड के आस-पास साफ सफाई बनाए रखने को सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकार ने जनपद पंचायत कांसाबेल के सभा कक्ष में स्थानीय व्यवसायीगण, जनप्रतिनिधीगण ग्राम पंचायत के पदाधिकारीयों की



उपस्थिति में कांसाबेल की सम्पूर्ण स्वच्छता जिसमें गीला एवं सुखा कचरा के प्रबंधन के विषय में विस्तृत चर्चा किया गया। सभी उपस्थित ग्रामीणों नें कांसाबेल की स्वच्छता के विषय में अपने अपने विचार व्यक्त किये। जिसके अन्तर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, यूजर चार्ज रोड किनारे की स्वच्छता, बस स्टैण्ड की स्वच्छता, नाली की स्वच्छता, सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता को ग्राम पंचायत एवं जनभागीदारी से करने के विषय में विस्तृत चर्चा किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कांसाबेल की स्वच्छता को बनाये रखने के लिए सभी ग्रामवासीयों से सहयोग की अपील किया कांसाबेल के ग्रामवासीयों ने भी स्वच्छता के प्रति उत्साह व सहयोग करने की सहमती जाहीर की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रमोद कुमार सिंह, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन मदन प्रेमी, जनपद अध्यक्ष कमलसाय, जनपद उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, रवि शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता बैठक सम्पन्न हुआ।

# अखिल भारतीय विधार्थी परिषद कसडोल इकाई ने मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई ने 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्षय मे मनाया प्रत्येक वर्ष की भाती विद्यार्थी परिषद युवाओं के प्रेणा श्रोत स्वामी विवेकानंद जी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाती हैं। कार्यक्रम मे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ व विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओ उपस्थित में कार्यक्रम मे मुख्य रूप में उदित भारद्वाज जिला संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलौदा बाजार मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा आरएसएस धरम अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल कसडोल विमल दास वैष्णव जी पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 06 नगर पंचायत कसडोल जोगेन्दर सिंह धवानी जी (जोगी धवानी) भाजपा



जिला महामंत्री आर्थिक प्रकोष्ठ संतोष वैष्णव जी पूर्व सांसद प्रतिनिधि जिला बलौदा बाजार कमल दीप श्रीवास भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारणी सदस्य शनि यादव कार्यालय प्रभारी भाजपा मंडल कसडोल पुष्पेन्द्र साहू अधिवक्ता कसडोल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम क़ी शुरुआत माँ भारती व स्वामी विवेकानंद जी क़ी छाया चित्र पर दीपप्रज्ज्वलन से हुआ। व अतिथियों के द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशशती पत्र व मोमेंटो प्रदान किया गया। जिला संयोजक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्रों के बीच कार्य करने वाल छात्र संगठन नहीं है अपितु भारत माता को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करने वाला छात्र संगठन है व समझ के लिए कार्य करने वाला संगठन है।

उक्त कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से फाल्गुनी सोनी विभाग छात्रा प्रमुख मलय साहू नगरमंत्री प्रीतम जायसवाल पूर्व नगरमंत्री अभिषेक नवरंगे युवराज साहू याचना पटेल गौतम साहू नवीन निराला मयंक साहू सुधांशु साहू ओमराज साहू शेषनारायण वर्मा तुनीषा मधुकर एवं कसडोल नगर इकाई के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# 47 बटालियन बीएसएफ के द्वारा पंखाजूर क्षेत्र के 20 छात्र - छात्राओं को पुणे (महाराष्ट्र) भ्रमण के लिए किया गया रवाना

## बीएसएफ द्वारा 20 छात्र छात्राओं के पुणे भ्रमण लिए रवाना किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ पखांजुर
www.dailypioneer.com

47 बटालियन बीएसएफ के द्वारा पंखाजूर (कांकेर) क्षेत्र के दूर-दराज व नक्सल प्रभावित इलाकों के 20 आदिवासी छात्र-छात्राओं को 16 वा आदिवासी युवा आदान - प्रदान कार्यक्रम के तहत 11 जनवरी 2025 को 47 बटालियन बीएसएफ कैंप पखांजूर से पुणे (महाराष्ट्र) भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर वी एन गांगोली, कंमाडेट, 47 बटालियन के द्वारा भ्रमण पर जाने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत की एवं बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बाहर भ्रमण कर इन युवाओ को बाहरी स्थानों के आधुनिक विकास, आर्थिक विकास, संस्कृति कला व पहनावा के बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा साथ ही आगे भी 10 लड़के और 10 लड़कियों के समूह को




देश के 03 अन्य राज्यों में आने वाले दिनों में भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि इससे पहले भी 01 जनवरी 2025 को 47 बटालियन बीएसएफ के द्वारा इस क्षेत्र के 20 आदिवासी युवाओं को भ्रमण के लिए लखनऊ रवाना किया गया था जो कि 11 जनवरी 2025 को भ्रमण के उपरांत पखांजूर कैंप पहुंचे। युवाओं के द्वारा भ्रमण के दौरान मिलने वाले अनुभव को साझा किया और बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री आवास, लखनऊ में जाने और योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री से मिलने और उनके साथ ग्रुप फोटो का मौका मिला साथ ही भव्य राम मंदिर, अयोध्या में श्री राम के दर्शन करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

# नगर पंचायत खरोरा अंतर्गत 205 हितग्राही ने लिया प्रधानमंत्री स्व निधि से लाभ



पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगरी क्षेत्र में पथ विक्रेता जो अपना स्वयं का व्यापार स्थापित करना चाहते हैं या अपने व्यापार को आगे बढ़ना चाहते हैं उनको प्रधानमंत्री स्व निधि के रूप में प्रथम किस्त 10000 द्वितीय किस्त 20000 प्रीति किस्त 50000 का ऋण प्रावधान है अब तक नगर पंचायत खरोरा अंतर्गत 205 हितग्राही इसका लाभ ले चुके हैं योजना का मुख्य उद्देश्य कमजोर आय वर्ग को स्वयं का व्यापार के लिए सहयोग प्रदान करना है इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक नगर नगर पंचायत खरोरा में अपना आवेदन कर सकते हैं।

# रामराज लाना हो तो कर्ज माफी नहीं बल्कि कर्ज लेना ही न पड़े : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर तीर्थक्षेत्र प्रयागराज कुम्भ मे मोरी चौराहा सेक्टर 19 पुरी शंकराचार्य शिविर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्रीजी बताते है। कथा का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म कार्य नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है। भगवान को पाने की इच्छा तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा ।अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें ।यह बात आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में शास्त्री ने कहीं उन्होंने कहा कि प्रभु की लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है। ना किसी की मृत्यु हो सकती है ।इसी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान है। रहती है।

# पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के पाँच शिक्षकों की सहभागिता

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के पाँच शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। जिसमें भरत लाल साहू शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिकरी, एलाराम देवांगन व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरडुवा, दीपक कुमार यादव शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापपुर, रंजिता वर्मा शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला तिवरैया, नीलिमा साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बावमोहतरा शामिल है। योगाचार्य और शिक्षक भरत लाल साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण में योग का अर्थ, परिभाषा, संक्षिप्त परिचय, योगासन हेतु सावधानियां, योग शिक्षकों हेतु सामान्य निर्देश, योग को विद्यालय प्रभावी बनाने के उपाय, विद्यार्थी जीवन में योग और खेलो का महत्व बताया गया। रंजीता वर्मा



ने बताया कि योग में षट्कर्म, अष्टांग योग, प्राणायाम, योग मुद्राएं के बारे में बताया गया। बंध स्थूल एवं सूक्ष्म व्यायाम में अंतर, योग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, योग एवं तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य के विकास में योग की भूमिका, सूर्य नमस्कार एवं महत्व को बताया गया। शिक्षिका नीलिमा साहू ने बताया कि योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्?तिष्?क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्?मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। व्याख्याता एलाराम देवांगन ने बताया कि योग से छात्रों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए बहुत सारे लाभ हैं। नियमित योग अभ्यास से व्यक्तियों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। जब छात्र योग करते हैं, तो वे अधिक खुश, स्वस्थ रहते हैं तथा स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शिक्षक दीपक कुमार यादव ने बताया कि योग प्रशिक्षण का महत्व, नैतिक परक शिक्षा का विद्यार्थी जीवन में महत्व, मदपान नशीले पदार्थों से बचाव का उपाय, रोग प्रतिरोधक शक्ति का विकास हेतु उपयोगी योगासन, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का महत्व, तथा प्रशिक्षणार्थी द्वारा मनमोहक, संभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात के सामान्य नियम, अनुभव कथन, के साथ समापन किया गया।

## समान्य सीट लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड :56 रायपुर से भाजपा पार्षद प्रत्याशी के लिए दावेदारी प्रदेश कोषाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ के शैलेंद्र सोमवंशी द्वारा की जा रही है

# भाजपा पार्षद प्रत्याशी के लिए शैलेंद्र सोमवंशी की सबसे मजबूत दावेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

समान्य सीट लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड : 56 रायपुर से भाजपा पार्षद प्रत्याशी के लिए दावेदारी प्रदेश कोषाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ के शैलेंद्र सोमवंशी द्वारा की जा रही है। शैलेंद्र सिंह सोमवंशी समान्य वर्ग से आते है समान्य सीट होने के कारण लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड : 56 रायपुर से भाजपा पार्षद प्रत्याशी के लिए दावेदारी के लिए अजय योद्धा माननीय बृजमोहन अग्रवाल सांसद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री, रायपुर दक्षिण के लोकप्रिय विधायक सुनील सोनी, मण्डल अध्यक्ष सचिन मेघानी, दो बार के मण्डल अध्यक्ष रहे मुकेश पंजवानी जी को परिचय पत्र प्रदान किया सोनी





ने पैनल में बात रखी जाएगी कहीं शैलेंद्र सिंह ने भी विधायक सोनी को आश्वास दिया की अगर स्वयं या कोई और भारतीय जनता पार्टी से पार्षद का प्रत्याशी होगा उसे भारी मतों से विजयी बनाएगे और वार्ड 56 लेफ्टी अरविंद दीक्षित वार्ड से कमल खिलायेंगे। शैलेंद्र सिंह सोमवंशी 25 सालों से संगठन एवं भाजपा का कार्य करते आ रहे है वर्तमान में बीजेपी के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष है नमो नमो (माननीय मोदी) के प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व भी है अपने वार्ड सिविल लाइन मंडल रायपुर के बूथ क्रमाक 230 के बूथ अध्यक्ष है दक्षिण विधानसभा रायपुर, लोकसभा रायपुर एवं उपचुनाव दक्षिण विधानसभा रायपुर में बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक, शक्तिकेन्द्र सह-संयोजक के रूप में अपने दायित्व का कुशल निर्वहन किया, माननीय बृजमोहन अग्रवाल माननीय सुनील सोनी के मतदान अभिकर्ता भी रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मण्डल, जिला, प्रदेश के सभी कार्यक्रम में बड़ चढ़ के भाग लिया पूर्व गृह मंत्री, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव का संचालन, प्रशासनिक कार्य का विशेष अनुभव है अपने क्षेत्र में निशुल्क राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड बनवाया साफ़-सफाई करोना काल में कॉलोनी को सेनेटाईज करवाना बहोत ही सराहनीय कार्य किए है लोगो के बीच काफी लोकप्रिय है आज भी सभी क्षेत्र के लोगो को निःस्वार्थ इलाज हेतु सहयोग प्रदान करते हैं।



# राजधानी के गांधी उद्यान में मौसमी फूलों की बाहर







पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के गांधी उद्यान में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग एवं प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा रायपुर स्थित गांधी उद्यान में फल, सब्जी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया जा रहा हैं, जहां प्रदेश स्तरीय फल, फूल, सब्जी प्रदर्शनी के साथ साथ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। राजधानी के अलग अलग जगह से आए प्रतिभागियों ने अपने अपने तरीके फूलों के गुलदस्ते, सब्जियों की रंगोली, रंग बिरंगे फूल से उद्यान की शोभा बढाई,जहां हर कोई अपनी सेल्फी लेते नजर आए। पिछले बार 8000 से अधिक फूलों की वेराइटी ने अपना ध्यान अपनी ओर खींचा था तो वही इस साल 10 हजार से अधिक फूलों की प्रजाति लोगो के आकर्षक का केंद्र बनी हुई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा की गई। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्था को बधाई दी साथ ही संस्था को स्कूल के बच्चों को कुछ समय यहां लाकर उन्हें भी प्रकृति से जोड़ने को कहा। पिछले 15 वर्षो से इस कार्यक्रम का आयोजन जिंदल स्टील एवं प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा लगातार किया जा रहा है, जहां हाई ब्रीड की सब्जियों, फल एवं विभिन्न फूलों की वेराइटी बोनसाई पेड़ को एक ही जगह पर देखा जा सकता है इस बार उद्यान में 55 इंच की लौकी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिसे जिंदल में कार्यरत राजेश अग्रवाल ने अपने घर पर ही उगाया है जिसका वजन 6 किलो हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुनील सोनी, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति चंदेल एवं पुरंदर मिश्रा विधायक दक्षिण रायपुर शामिल हुए जिन्होंने सभी स्टालों में घूमकर फलों और सब्जियों की जानकारियां ली।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं उदय चेरिटेबल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित









पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं उदय चेरिटेबल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक राज चैंबर्स, परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से डॉक्टर नेहा पाण्डेय एवं वेद तथा चर्म रोग से डाक्टर काशिफा राफत, दंत रोग से कृतिका भकते अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, वीरेंद्र खुटेल, सुनिल वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ, प्रीति, प्रमिला एवं उदय चेरिटेबल वेलफेयर की संस्थापिका सुषमा पटनायक एवं उनकी टीम साक्षी, मारुति नंदन साहू, उमेश गायकवाड़, हेमा ठाकुर, योगिता साहू, प्रिया पाण्डे एवं कार्यकर्ता तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, दंत रोग का निःशुल्क इलाज किया गया।





आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# पांच धान खरीदी केन्द्रों में 52.84 लाख की गड़बड़ी उजागर

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर जिले में धान खरीदी केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान 5 केन्द्रों में 52.84 लाख रुपये मूल्य का 1704 क्विंटल धान अधिक पाए जाने का मामला सामने आया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर गठित राजस्व, खाद्य और सहकारिता विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए धान को जब्त कर लिया है और समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरूद्ध प्रकरण बनाया गया है। जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि धान खरीदी के अंतिम दिन तक सत्यापन की यह प्रक्रिया जारी रहेगी। पिछले दो दिनों में एक दर्जन से अधिक केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिनमें पांच केन्द्रों में अनियमितताएं पाई गई। बोदरी उपार्जन केन्द्र में 240 क्विंटल, गनियारी में 681 कट्टी, सोन (पचपेड़ी) में 500 कट्टी, कौडिया (सीपत) में 230 क्विंटल और बोडसरा (बोदरी) में 762.6 क्विंटल धान अधिक पाया गया। इन सभी मामलों में धान को जब्त कर समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ प्रकरण तैयार किया गया है।

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



जन्म : 28.10.1961
निर्वाण : 12.01.2009

स्व. राजेश जैन

आपके उदार व्यक्तित्व का
आलोक सदा हमारे प्रगति पथ को
प्रकाशित करता रहे...
अपने कर्तव्य के प्रति आपकी निष्ठ
और लगन हमे निरंतर प्रेरणा देती रहे...
आपकी स्मृतिया आशीर्वाद के
रूप में सदैव हमारे साथ बना रहे...

श्रद्धानवत् :-
इंदिरा जैन, सिद्धार्थ जैन, सुगंधा जैन, एवं समस्त परिवारजन व मित्रगण,रायपुर

राजेश पब्लिसिटी
ई-109 समता कालोनी, कृष्णा टॉकिज के पास, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94252-08899, 99263-08899




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403